आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, बुधवार 17 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष -42 ■ अंक-080 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 18 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

# रेत का खूनी खेल: भाजपा नेता व उसके भाई को जिंदा जलाया, दोनों की मौत

**कोरिया, 17 जून।** रेत उत्खनन को लेकर हुए मंगलवार दोपहर को भाजपा नेताओं के बीच हुआ विवाद रात में खूनी खेल में तब्दील हो गया. फॉर्च्यूनर गाड़ी पर पेट्रोल डालकर लगाई गई आग में भाजपा नेता भरत सिंह गहरवार के बाद उनके रिश्तेदार वीरेंद्र सिंह उर्फ वीरू सिंह की भी मौत हो गई है. जानकारी के अनुसार, घटना के दौरान गाड़ी में भरत सिंह गहरवार के साथ सवार वीरू सिंह आग की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गए थे, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई. वहीं तीन अन्य घायलों का अंबिकापुर अस्पताल में उपचार किया जा रहा है. इनमें से एक योगेन्द्र सिंह बोलने की स्थिति में है. घटना की सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी. मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ धारा 302 और 307 के साथ आगजनी की धारा के तहत अपराध दर्ज किया है, इनमें से चार आरोपियों – अक्षय त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, और मन्नू त्रिपाठी शामिल हैं. शेष तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है.

## कार में पेट्रोल डालकर लगाई आग, चार बंदी




कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में रेत का व्यापार भाजपा नेताओं के बीच गैंगवार का कारण बन गया है. कोरिया जिले में हुई घटना में भाजपा नेता ने दूसरे भाजपा नेता और उसके भाई और साथियों को फॉर्च्यूनर में बंदकर पेट्रोल डालकर जिंदा जला डाला. दरअसल, पूरे प्रदेश में रेत का खूनी खेल चल रहा है. सत्ता के संरक्षण में चल रहा है.

**उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दिया जवाब-** कोरिया जिले में घटित घटना को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की पूरी जांच होगी. घटना में जो तथ्य आयेंगे उसके आधार पर कार्रवाई होगी. वहीं घटना पर कांग्रेस के बयान को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश का अपराधीकरण किया. कांग्रेस घटना का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है.



## दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: सीएम

इस घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस पहले ही कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं दूसरी तरफ राजनीतिक बयानबाज़ी भी तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार पर हमला बोलते हुए इसे रेत माफिया और राजनीतिक संरक्षण से जुड़ा मामला बताया है, जबकि प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी निष्पक्षता से की जा रही है। दरअसल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर से सूरजपुर दौरे के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए इस सनसनीखेज घटना पर प्रतिक्रिया दी।



## अर्जेंटीना की धमाकेदार शुरुआत, मेसी ने लगाई पहली हैट्रिक

**वाशिंगटन, 17 जून।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में डिफेंडिंग चैम्पियन अर्जेंटीना ने अपने पहले ही मुकाबले में अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं. फुटबाल में सबसे चर्चित नामों में से एक स्टार प्लेयर लियोनेल मेसी ने वर्ल्ड कप में अपने करियर की पहली हैट्रिक लगाई. अपने 200वें इंटरनेशनल मैच में उतरे मेसी ने 17वें मिनट में गोल की शुरुआत की और 76 वें मिनट में तीसरा गोल मारा. पूरे मैच में अर्जेंटीना ने अल्जेरिया को एक भी गोल नहीं करने दिया और 3-0 से धमाकेदार शुरुआत की. दिन के पहले मुकाबले में ांस के एम्बाप्पे ने दो गोल मारकर मेसी से आगे निकले थे, लेकिन अल्जेरिया के साथ हुए अर्जेंटीना के मैच में इतिहास फिर बदल गया. इस मुकाबले में तीन गोल दागकर मेसी ने फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. मेसी के नाम अब 16 गोल हो गए हैं.

## आंतकी गतिविधि मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर, 17 जून।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने देशद्रोह और प्रतिबंधित नक्सली संगठनों को सहयोग देने के मामले में जेल में बंद आरोपी अनीश खान उर्फ अन्नू खान की आपराधिक अपील को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की



डिवीजन बेंच ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की प्रारंभिक आपत्ति को सही ठहराते हुए कहा, निचली अदालत में खुद वापस ली गई जमानत याचिका के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील दायर नहीं की जा सकती। मामला कांकेर जिले के कोतवाली थाने में दर्ज अपराध से जुड़ा है। पुलिस और जांच एजेंसी ने समता नगर कॉलोनी (कांकेर) निवासी आरोपी अनीश खान (55 वर्ष) के खिलाफ देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, साजिश रचने और प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, एनआइए अधिनियम, 2008 की धारा 21(4) के तहत इस कोर्ट के अपीलीय क्षेत्राधिकार का उपयोग केवल तभी किया जा सकता है जब जमानत देने या इनकार करने का कोई स्पष्ट न्यायिक आदेश हो। किसी जमानत याचिका का वापस ले लिया जाना, जमानत खारिज करने की श्रेणी में नहीं आता। चूंकि विशेष अदालत ने न तो जमानत दी और न ही इससे इंकार किया, इसलिए यह आदेश अपील योग्य नहीं है।

## एयर इंडिया के विमान से टकराई चिड़िया

**रायपुर, 17 जून।** रायपुर एयरपोर्ट से आज सुबह दिल्ली से रायपुर आ रही एयर



इंडिया के विमान के साथ लैंडिंग के वक्त चिड़िया टकरा गई. गनीमत रही कि इस घटना से किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई, घटना की वजह से एयर इंडिया के विमान ने दो घंटे की देरी से उड़ान भरी.

# गौ सेवा आयोग अध्यक्ष पर हमले का प्रयास

**कवर्धा, 17 जून।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में बुधवार को गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेसर पटेल के साथ बदसलूकी और हमले की कोशिश का मामला सामने आया है. कार और बाइक के बीच हुई टक्कर को लेकर विवाद शुरू हुआ था. आरोप है कि दोनों युवकों ने अभद्रता करते हुए पत्थर उठाकर हमला करने का प्रयास किया. घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर की है. जानकारी के अनुसार, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेसर पटेल जिला मुख्यालय कवर्धा से अपने गांव रोहरा लौट रहे थे. उस समय वह अपनी कार में चालक के साथ सवार थे. इसी दौरान पीछे से आ रही एक बाइक उनकी कार से टकरा गई. टक्कर के बाद जब कार रोकी गई तो बाइक सवार दोनों युवक विवाद करने लगे. आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज की और पत्थर उठाकर हमला करने की कोशिश भी की. विश्वेसर पटेल को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है, लेकिन उन्हें सुरक्षा के लिए कोई





गार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. जांच के दौरान दोनों युवक नशे की हालत में पाए गए. पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया और कानूनी कार्रवाई के बाद गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. फिलहाल मामले की जांच जारी है. पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने मामले में जानकारी दी कि कवर्धा के बाहरी क्षेत्र में घटना हुई है. कार में अचानक ब्रेक लगने से पीछे चल रही बाइक टकरा गई. बाइक सवार दो युवक घटना के दौरान नशे की हालात में थे. इस दौरान दोनों पक्षों में विवाद हुआ. वहीं गाली-गलोच भी हुई है. सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार किया है. कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है.

## चैतन्य बघेल जमानत केस ईडी ने मांगा समय

**नई दिल्ली, 17 जून।** सुप्रीम कोर्ट में चैतन्य बघेल की जमानत को लेकर चल रहे केस में उस वक्त दिलचस्प मोड़ आ गया, जब खुद प्रवर्तन निदेशालय ने सुनवाई के दौरान समय मांग लिया। मामला चैतन्य बघेल की उस जमानत से जुड़ा है, जो उन्हें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से आबकारी घोटाला केस में मिली थी। ईडी ने इस जमानत को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। लेकिन 17 जून की सुनवाई के दौरान जैसे ही केस लगा, ईडी की ओर से पेश वकील ने अदालत से अगली तारीख देने की मांग कर दी। इस पर चैतन्य बघेल की तरफ से आपत्ति भी जताई गई कि कोई औपचारिक आवेदन दाखिल नहीं हुआ है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि "यही हमारे आंशिक कार्य दिवसों की खूबसूरती है.

# गुजरात : बस और ट्रक में टक्कर, 10 की मौत, 26 से ज्यादा घायल

**गांधीनगर, 17 जून।** वडोदरा में भीषण सड़क हादसा हुआ है. गुजरात के वडोदरा में कोटांबी स्टेडियम के पास बुधवार सुबह एक स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई. 25 से अधिक लोग घायल हैं. लग्ज़री बस राजस्थान से सूरत जा रही थी और उसमें करीब 45 यात्री सवार थे. हादसे में शुरुआती तौर पर पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी. सूचना मिलते ही SDRF, NDRF और वडोदरा फायर विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया. गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं. मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है. गुजरात के वडोदरा में कोटंबी स्टेडियम के पास एक भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक यात्री घायल हो गए. बालाजी ट्रेवल्स की एक लग्जरी बस राजस्थान के बाड़मेर से सूरत की ओर जा रही थी. वडोदरा में बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई.हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार से पूरा इलाका गूंज उठा. सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई. घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. सभी घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के कारण इलाके में लंबा जाम लग गया, जिसे हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें जुटी हैं. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसके चलते मृतकों की संख्या बढ़ सकती है. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.



# गड़े खजाने के लिए 21 लोगों की हत्या की साजिश, 8 की मौत

**बलौदाबाजार, 17 जून।** जिले के कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुराना खर्वे गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक स्थानीय किराना व्यवसायी पर गड़े खजाने को हासिल करने के लिए 21 लोगों की बलि या हत्या की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया। ग्रामीणों का दावा है कि पिछले चार महीनों के भीतर गांव में 8 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है, जो इसी साजिश का हिस्सा हैं। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, संदेह के घेरे में गांव का ही एक किराना दुकान संचालक है। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी गड़े धन को निकालने के अंधविश्वास में फंसा हुआ था। वह स्थानीय लोगों को शराब में सुहागा (बोरैक्स) मिलाकर पिलाता था, जिससे धीरे-धीरे लोगों की मौत हो रही थी।



इस खौफनाक साजिश का खुलासा तब हुआ जब घटना का एक अहम किरदार, कार्तिक प्रजापति, बाल-बाल बच गया। कार्तिक के बयान के अनुसार 14 मई को दुकानदार रामसाय ने उसे शराब की एक बोतल दी, जिसमें से आधी शराब पहले ही निकाली जा चुकी थी।शराब के महज दो घूंट पीते ही कार्तिक को तेज उल्टियां होने लगीं और वह बेहोश हो गया।परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उसे कसडोल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां 8 घंटे के इलाज के बाद उसकी जान बच सकी।कार्तिक के जीवित बचने के बाद ग्रामीणों की आंखें खुलीं और उन्होंने गौर किया कि पिछले कुछ महीनों में जितने भी लोगों की मौत हुई, वे सभी पूरी तरह स्वस्थ थे और शराब पीने के तुरंत बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ी थी।

**ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सौंपी गई सूची के अनुसार, संदिग्ध मौतों का सिलसिला इस प्रकार है:**

6 फरवरीः बद्री पटेल
20 फरवरीः बुठालू साहू
12 मार्चः बुधराम
20 मार्चः छत्तूराम साहू
31 मार्चः विनोद साहू
28 अप्रैलः गजानंद मांझी
29 अप्रैलः चैतूराम साहू
14 मईः महेतरू साहू

सबूत मिटाने और गवाहों को खरीदने की कोशिश

एक अन्य ग्रामीण उमेश नवरंगे ने पुलिस के सामने बड़ा दावा किया है। उमेश के मुताबिक, आरोपी दुकानदार ने उसे एक मृतक (महेतरू साहू) के दफन शव को बुलडोजर से चुपचाप हटाने के लिए कहा था। इसके अलावा, आरोपी ने उसे गांव में आगजनी करने और नुकसान पहुंचाने जैसे आपराधिक कामों के बदले मोटी रकम देने का भी लालच दिया था।

**पुलिसिया कार्रवाई और वर्तमान स्थिति**-मामले की गंभीरता और 800 की आबादी वाले इस शांत गांव में फैले भारी आक्रोश और दहशत को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है।कब्र से निकाले गए शवः प्रशासनिक अनुमति के बाद अब तक 7 मृतकों के शवों को जमीन से बाहर निकाला जा चुका है।

**फॉरेंसिक जांच जारी**-शवों को पोस्टमॉर्टम और फॉरेंसिक लैब (FSL) परीक्षण के लिए भेजा गया है, ताकि शराब में जहर या सुहागा मिलाए जाने के दावों की वैज्ञानिक पुष्टि हो सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों के आरोपों के आधार पर मामले की गहन तफ्तीश की जा रही है। वर्तमान में पोस्टमॉर्टम और विसरा रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आते ही आरोपी के खिलाफ हत्या और साजिश की संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


# युवती से सरेराह बदसलूकी, विरोध करने पर भाई की पिटाई

**सरगुजा। 17 जून।** अंबिकापुर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के केदारपुर इलाके में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसे सुनकर दिल दहल उठेगा। बदमाशों ने सरेराह एक युवती के साथ बदसलूकी और उसके भाई के साथ जमकर मारपीट की है। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। 24 वर्षीय युवती अपने भाई के साथ दवा लेने के लिए जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में स्कूटी सवार कुछ युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने युवती को जबरन खींचने की कोशिश की और उसके साथ अशोभनीय हरकतें कीं। युवती के भाई ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसी पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवकों ने उसे बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान बहन अपने भाई को छोड़ देने की गुहार लगाती रही, लेकिन आरोपी लगातार मारपीट करते रहे। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला और अधिक गंभीर हो गया है। फुटेज में आरोपियों की हरकतें कैद होने की बात कही जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अतुल ताम्रकार समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है, मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# जी-7 में मोदी ने उठाया भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा

## फोटो सेशन में पीएम ने ट्रंप से बनाई दूरी

**पेरिस, 17 जून।** फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित जी-7 समिट में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती ताकत को रेखांकित किया। हाल के दिनों में हुए घटनाओं का असर जी-7 नेताओं के फोटो सेशन के दौरान देखने को मिला। फोटो सेशन में पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पहली पंक्ति में नजर आए। हालांकि इस दौरान ट्रंप और पीएम मोदी की दूरी भी दिखी। स्ट्रेट ऑफ होर्मूज में अमेरिकी सैन्य हमले में भारतीय नाविकों की मौत का असर यहां साफ देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच करीब 16 महीने बाद पहली आमने-सामने मुलाकात हुई। सम्मेलन के दौरान दोनों नेता एक-दूसरे के बगल में बैठे भी नजर आए। हालांकि इस दौरान रिश्तों में पहले वाली गरमाहट नहीं दिखी। फोटो सेशन के बाद जी-7 बैठक में पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में तनाव और समुद्री मार्गों की असुरक्षा का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। जी--7 नेताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने हाल ही में अमेरिकी सैन्य हमले में



भारतीय नाविकों की दुखद मौत पर चिंता जाहिर की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के सामने भारतीय नाविकों की हालिया मौतों पर चिंता जताई। खास बात ये है कि जब मोदी नेताओं को संबोधित कर रहे थे उस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी वहीं मौजूद थे। अमेरिकी राष्ट्रपति इस दौरान चुपचाप पीएम मोदी की बातें सुनते रहें। मोदी ने कहा कि इस संघर्ष की वजह से क्षेत्र के हमारे मित्र देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है। होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले समुद्री व्यापार में रुकावट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि कई भारतीय नागरिकों की भी जान गई है. समुद्री नाविक, जो वैश्विक व्यापार से देशों को जोड़ते हैं, उनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। वैश्विक समुद्री व्यापार के जरिए देशों को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हम पश्चिम एशिया में शांति की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत करते हैं।

# देवर ने की भाभी और भतीजी की चाकू गोदकर हत्या, गिरफ्तार

**बेमेतरा, 17 जून।** जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोरेघाट में बीती रात हुए दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी भाभी और भतीजी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी हेमलाल आदिल का अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बीच उसने अपनी भाभी और भतीजी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दाढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी हेमलाल आदिल को हिरासत में ले लिया है। मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा हत्या के पीछे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। बताया जा रहा है कि वह पूर्व में हत्या के एक मामले में करीब 10 वर्ष की सजा काट चुका है। जेल से रिहा होने के बाद उसने एक बार फिर पारिवारिक विवाद के चलते इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले के सभी पहलुओं की जांच जारी है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर रिश्तों को शर्मसार कर दिया है, जहां एक देवर ने अपनी ही भाभी और भतीजी की बेरहमी से हत्या कर दी।

## पेंशन के नाम पर रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार

**धमतरी 17 जून।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी करप्शन ब्यूरो ने धमतरी में बड़ी कार्रवाई करते हुए सिंचाई विभाग के एक कथित बाबू को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान लखेश्वर साहू के रूप में हुई है, जो सिंचाई विभाग से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि उसने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधी प्रकरणों को निपटाने और भुगतान दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बताया जा रहा है कि रिश्वत की राशि का लेनदेन आरोपी के निजी निवास पर किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

### किसान अब खरीफ फसल की तैयारी में जुट रहे है घुरवा खाद खेतों तक ले जा रहे है

# मानसून की राह देख रहा किसान, प्री बारिश न होने से गर्मी जस की तस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 17 जून।** किसान अपने खेतों की तैयारी के लिए जुट गये है । अन्नदाता किसान अब पूरे तैयारी के साथ कृषि कार्य करने जुट गये है ।घरों के कवेलू और बियारा में रखे पैरे को भी कोठार में रखने की तैयारी कर रहे है और चार महीने मानसून के और खेती की तैयारी शुरु कर रहे है देश में पचहत्तर प्रतिशत किसान है ।सभी अपने कृषि भूमि में खेती कर पूरे देश को अन्न उपलब्ध कराता है लेकिन किसान की हालत में जो सुधार आजादी के बाद से होनी चाहिए वो अभी तक नहीं हुई है । इकतीस रुपये समर्थन मूल्य में धान खरीदी से अधिकांश किसानों को आर्थिक लाभ हुआ है और उस आर्थिक लाभ से कई किसान खेती करने में सुविधा हो इसके लिए उनसे सम्बन्धित कार्य कर रहे है लेकिन किसान आज भी अपने परम्परागत खेती करने मजबूर है उनकी दशा और दिशा को समझकर उनके आर्थिक हालत में आजादी के बाद से अब तक कोई आमूल चूल परिवर्तन नहीं हुआ है।

किसान खरीफ फसल लेने के पूर्व खेतों की तैयारी में जुट गये है । किसान रुपेश यादव ने बताया कि 1 जुन से ही धान का थरहा दे दिये अलग अलग तीन चरण में थरहा देने का काम कर दिये ताकि धान के थरहा के रोपाई के लिए पर्याप्त समय व मजदूर मिल सके ।लेकिन मानसून पुर्व होने वाले वर्षा भी नहीं होने से और अत्यधिक गर्मी होने के कारण किसान चिंतित नजर आ रहे है ।किसान अपने खेतों की तैयारी बहुत पहले ही शुरु कर देते है ताकि वर्षा हो और फसल लेने के लिए जुताई कर खेतों में बीज डाल सकें । खेत के पानी जाने वाले स्थानों पर प्लास्टिक बोरियो में मिट्टी भरकर रखना शुरु कर दिये है ।बरसात के समय खेत में पानी रोकने के लिए इन्ही मिट्टी भरी बोरियो से खेत के पानी जाने वाले जगहों को बांधकर खेत में आसानी से पानी रोका जा सकता है । पाटन क्षेत्र के उन्नत कृषक खरीफ फसलों की खेती का खेत वार योजना बनाते, अपनें खेतों की स्थिति और मिट्टी के प्रकार के अनुसार, फसल एवं किस्मों का निर्धारण करते है । तदनुसार बीज, बीजोपचार दवा, जीवाणु खाद,इत्यादि सामाग्रियों की, आवश्यक मात्रा का आकलन कर, उनकी सूची बनाते है। स्वयं तैयार किया गया बीज ही बोते है, इसलिये थोड़े से रकबे में, लगभग एक एकड़ क्षेत्र में, आधार या प्रमाणित बीज बनाते है। कीमत में ये थोड़े महगे जरूर होते है लेकिन इनकी गुणवत्ता बहुत ऊंचे दर्जे की होती है। इन बीजों से तैयार फसल स्वस्थ्य एवं ज्यादा पैदावार देनें वाली होती है। जिसे आप अगली फसल में बीज के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। समिति में कृषक अप्रैल माह से ही खाद बीज व नगद राशि का उठाव करना शुरु कर दिये है ।किसानों को एक साथ सभी खाद व बीज मिल जाय इस प्रकार की व्यवस्था समिति द्वारा बनाई गई है । लेकिन सभी खाद व बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को समितियों के बार बार चक्कर काटने पड़ रहे है तथा आसपास के समितियों के गोदामो से भी खाद लेकर अपने घर ला रहे है । युरिया सुपर फास्फेट पोटाश डी ए पी खाद के स्थान पर एन पी के खाद दिया जा रहा है कुछ किसान डी ए पी खाद समिति में आने का इंतजार कर रहे है और खाद की खरीदी समिति से अभी नहीं कर रहे है ।किसानों ने बताया की धान के लिए डी ए पी खाद ही सही गुणवत्ता होती है और इससे फसल का उत्पादन सही आता है सेलुद समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम ढौर व पतोरा के गोदाम से से सम्बन्धित गाँव के किसानों को खाद बीज वितरण किया जा रहा है।उन गांवों के किसानों को खाद बीज मिलने से किसानों को सहुलियत होने की बात कही ।

किसान अब ट्रेक्टर के माध्यम से घुरवा खाद भी खेतों में ले जाकर डालने लगे है । सभी किसान अपने खेतों में फसल लेने तैयार नजर आ रहे है । गांवों में जानवरों का समुचित प्रबंधन हो जाय तो कृषि क्षेत्र में वरदान हो जायेगा और किसान निश्चित रुप से आर्थिक रुप से समृद्ध हो जायेगा ।पढ़े लिखे लोग भी अब बहुतायत की संख्या में कृषि कार्य की ओर रुख करने लगे है ऐसे में बढ़ी तेजी से कमी आ सकती है ।

## एक ही धरती, एक ही मौका, इंजीनियरिंग छात्रों ने दिया ग्रीन फ्यूचर का संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 जून।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया द्वारा ए ग्लोबल कॉल फॉर क्लाइमेट एक्शन विषय पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभियंताओं तथा संस्था के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर के सहयोग से स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता संजय सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक के. प्रवीण तथा विशेषज्ञ वक्ता के रूप में हेड टेक्नोवेशन्स अरविंद रस्तोगी ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने की। इस अवसर पर संस्था के मानद सचिव डॉ. अजय त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष डॉ. शुभलक्ष्मी तिवारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। संचालन सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंशुल कौशिक ने किया। स्वागत उद्बोधन डॉ. अजय त्रिपाठी ने दिया । अपने संबोधन में पुनीत चौबे ने द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की विरासत और देशव्यापी गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था देशभर में 124 केंद्रों के माध्यम से कार्य कर रही है तथा इंजीनियरिंग की 15 विभिन्न शाखाओं का प्रतिनिधित्व करती है।

## एक नजर

### चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 17 जून (तछसं.)।** भिलाई दिन-दहाड़े दुकान का ताला तोड़कर नगदी चोरी करने वाले आरोपी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 99,500 रुपये बरामद किया है जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि प्रार्थी ओम प्रकाश साहू निवासी दुर्गा मंदिर जामुल ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 जून की सुबह लगभग 11.35 बजे वह अपनी दुकान खोलकर कुछ दूरी पर गया था। वापस लौटने पर उसने देखा कि दुकान के ड्रॉज का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें रखी नगदी रकम 1 लाख 23 हजार रुपए अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जामुल में धारा 331 (3), 305 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया। संदेही मोह. जुनैद (21 साल ) निवासी कोहका को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना करना स्वीकार किया तथा उसके कब्जे से चोरी की गई रकम में से 99,500 रुपये बरामद किए गए शेष राशि आरोपी खर्च करना बताया।

### साढ़े पांच किलो गांजा सहित दो गिरफ्तार



**भिलाई, 17 जून (तछसं.)।** भिलाई नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध नशा के खिलाफ पुरानी भिलाई थाने। पुलिस की बड़ी कार्रवाई करते हुए 5.518 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार को थाना पुरानी भिलाई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शिवाला शिवधाम के पास स्थित खाली मैदान में दो व्यक्ति स्कूटी में एक सफेद रंग की बोरी रखकर अवैध रूप से गांजा बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदेहियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम रोहित देवांगन (23 साल ) निवासी दुर्गा मंदिर नदगईया पारा खुर्सीपार व दश पासवान (18 साल 01 माह) निवासी दुर्गा मंदिर नदगईया पारा खुर्सीपार बताया और तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में रखे पॉलीथिन पैकेट से कुल 5.518 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 2,79,100 रुपये तथा गांजा बिक्री से प्राप्त 4,200 रुपये नगद बरामद किया गया है।

### शराब सहित युवक गिरफ्तार




**भिलाई, 17 जून (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी पुलिस ने बताया कि को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना नंदिनी नगर पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम कार्रवाई करते हुए अहिवारा बायपास स्थित ग्राम संडी मोड़ मेन रोड पर घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी ताम्रध्वज ध्रुव एवं जावेद टंडन को मोटर साइकिल सहित पकड़ा गया तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 255 पौवा अंग्रेजी मदिरा शराब बरामद हुई आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। इसी क्रम में एक अन्य सूचना पर संयुक्त टीम आरोपी राजकुमार बंजारे को जुपीटर स्कूटी सहित पकड़ा गया। उसके कब्जे से 50 पौवा अंग्रेजी मदिरा शराब बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

## भिलाई टाउनशिप को स्वच्छ,सुंदर बनाने पर महिलाओं की तारीफ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 जून।** सेल. भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नई चेतना जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक प्रभारी एण् बीण् श्रीनिवास द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने महिला संविदा कर्मियों द्वारा भिलाई टाउनशिप को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। कार्यशाला में महिला स्वास्थ्यए पोषणए स्वच्छता, कानूनी अधिकार, उचित मजदूरी,सामाजिक सुरक्षा लाभ तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुश्री शुभश्री प्रशांत ने महिला स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। वहींए उप प्रबंधक ;जनसंपर्कद्ध सुश्री शालिनी चौरसिया ने पॉश अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी साझा की। राजेश मौर्य ने संविदा कर्मियों के कानूनी अधिकारोंए उचित मजदूरी एवं संबंधित प्रावधानों पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में महाप्रबंधक सुश्री के सुपर्णा द्वारा योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया। संचालन उप प्रबंधक सुश्री के संगीता द्वारा किया गया।

## मनरेगा मजदूरों व स्कूली बच्चों ने किया योगाभ्यास



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 17 जून।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय आयुषमान आरोग्य मंदिर डुन्डेरा ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व जन जागरूकता लाने ग्राम पंचायत महकाकला, राष्ट्रीय भारती विद्यालय व विभिन्न स्थानों में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का आयोजन किया। इसमें औषधालय के योग प्रशिक्षक पिंकी साहू ने जनप्रतिनिधियों ग्रामीण मनरेगा मजदूरों को योगाभ्यास व प्राणायाम का नियमित अभ्यास कराया। इसमें 130 मनरेगा मजदूर शामिल हुए

योग सत्र के दौरान ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन जैसे योगाभ्यास और कपालभाति व नाड़ी शोधन प्राणायाम सहित ध्यान कराया गया। विभिन्न योगासन व श्वाससंबंधी व्यायामों के शारीरिक, मानसिक व अध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प किया। इस अवसर पर सरपंच जितेन्द्र वर्मा , उप सरपंच भारती जोशी पंचगण व ग्रामीणों के अलावा औषधालय के चिकित्सा प्रभारी डॉ. विजेयता प्रभा वर्मा भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन व सकारात्मक जीवनशैली में महती भूमिका निभाता है। नियमित योग व प्राणायाम के अभ्यास से कई जीवनशैली संबंधी रोगों की रोकथाम संभव है व व्यक्ति स्वस्थ, सक्रिय और तनावमुक्त जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आगामी 21 जून को होने वाले योग दिवस में शामिल होने अपील की। अंत में, प्रतिदिन योग करने व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में सहभागी बनने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने औषधालय के इस स्वास्थ्यवर्धक पहल की सराहना की।

## घासीदास नगर में नाली-सड़क निर्माण और सफाई का निरीक्षण कर आयुक्त ने तेजी लाने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बुधवार को जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत घासीदास नगर क्षेत्र का निरीक्षण कर विभिन्न विकास एवं स्वच्छता कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन नालियों, प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थलों, अटल आवास परिसर, स्थानीय नालों तथा बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने भगवा चौक कुरूद से घासीदास नगर तक निर्माणाधीन नाली का अवलोकन किया और निर्माण एजेंसी को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा में इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाली निर्माण कार्य पूरा होने के तुरंत बाद सड़क निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयुक्त ने क्षेत्रीय बाजार का भी निरीक्षण किया और वहां नियमित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने निगम द्वारा आवंटित गुमटी संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखने में भी सहयोग करें। अटल आवास क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नालियों और सड़कों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव की समस्या से बचने के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अलावा, उन्होंने बुद्ध विहार के पीछे स्थित नालों की नियमित सफाई कराने के निर्देश देते हुए कहा कि मानसून के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान पार्षद ऊषा शर्मा, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि, जोनल अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### हादसे में बुजुर्ग की मौत

**भिलाई, 17 जून।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के एक बेहद दर्दनाक और रूह कंपा देने वाला सड़क हादसा सामने आया है यहां एक अनियंत्रित मालवाहक वाहन के नशे में धुत चालक ने सड़क पर चल रहे एक बुजुर्ग को बेरहमी से रौंद दिया टक्कर इतनी भयानक थी कि बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई पूरी घटना का एक विचलित करने वाला सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिस में साफ दिख रहा है कि बुजुर्ग बिल्कुल अपनी साइड में शांति से चल रहे थे तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया इस खौफनाक मंजर को देखकर स्थानीय लोग भी सहम गए हैं।

## आईटीआई प्रशिक्षुओं का औद्योगिक प्रशिक्षण शुरू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 जून।** सेल. भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेरला के मैकेनिक डीजल ट्रेड के 28 प्रशिक्षुओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2025.26 के लिए महानिदेशालय प्रशिक्षण डीजीटी नई दिल्ली द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत एचआर.एल एंड डी विभाग द्वारा आयोजित व्यापक इंडक्शन सत्र से हुई। इस दौरान प्रशिक्षुओं को एकीकृत इस्पात संयंत्र की कार्यप्रणालीए औद्योगिक एवं कार्यस्थल सुरक्षाए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों ;पीपीईद्ध के उपयोगए संगठनात्मक कार्य संस्कृति एवं अनुशासनए कच्चा माल प्रबंधनए आयरन मेकिंगए स्टील मेकिंगए रोलिंग मिल संचालन तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत कराया गया। इंडक्शन कार्यक्रम के उपरांत प्रशिक्षुओं को संयंत्र के विभिन्न परिचालन क्षेत्रों का अवलोकन कराने के साथ.साथ पर्यवेक्षण में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में उप महाप्रबंधक यशवंत सिंह जौहरी, सेक्शन ऑफिसर स्वतंत्र कुमार तथा टेक्निकल एसोसिएट मनीष कुमार द्वारा समन्वित किया जा रहा है।

## पीएम स्वनिधि शिविर में उमड़े स्ट्रीट वेंडरों ने भरवाए ऑनलाइन आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 17 जून।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में फुटकर विक्रेताओं ;स्ट्रीट वेंडर्सद्ध को योजना का लाभ दिलाने के लिए उनके ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर भरवाए गए। नगर निगम कार्यालय में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स पहुंचे और योजना के प्रति उत्साह दिखाया। निगम अधिकारियों ने पात्र हितग्राहियों को योजना की जानकारी देते हुए आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम की टीम अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि शहर के सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स तक इस योजना का लाभ पहुंचाया जाए। इस संबंध में योजना के नोडल अधिकारी अनिल सिंह ने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को पत्र भेजकर पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत करने का अनुरोध किया है।

## नाली पर बनाए अवैध निर्माण को निगम ने जेसीबी से हटाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 17 जून।** नगर निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जोन.2 वैशाली नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 स्थित हाउसिंग बोर्ड फौजी नगर में नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाकर नाली को मुक्त कराया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्थानीय निवासी राजकुमार द्वारा नाली के ऊपर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया था। इससे नालियों की नियमित सफाई और रखरखाव कार्य प्रभावित हो रहे थे तथा क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बाधित होने की आशंका बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर जोन.2 के राजस्व विभाग ने जांच कीए जिसमें अतिक्रमण की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई की गई। निगम की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माण को हटाया। अधिकारियों के अनुसार, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण न केवल सफाई व्यवस्था को प्रभावित करते हैंए बल्कि मानसून के दौरान जलभराव और जल निकासी संबंधी गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न कर सकते हैं। कार्रवाई के दौरान जोन.2 राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### सट्टापट्टी सहित महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 17 जून।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने ग्राम सिरसा खुर्द में सट्टा खिलाने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी समित मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली थी कि छोटे तालाब के पास अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखी जा रही है मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला आरोपी शेख ईद बी को रंगे हाथों पकड़ लिया तलाशी के दौरान उसके पास से 4,900 रुपए नकद और सट्टा-पट्टी बरामद की गई जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम-2022 की धारा 6 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है ।

## निधन

### तारेन्द्र बंछोर

**उतई।** बाजार चौक सेलुद निवासी तारेन्द्र बंछोर उम्र 51 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। ग्राम पंचायत सेलुद के पुर्व उपसरपंच सहित भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता थे । सरस्वती शिशु मंदिर सेलुद के प्रधानाचार्य श्रीमती पलक बंछोर के पति , ललित बंछोर के बड़े भाई व अक्षत बंछोर के बड़े पापा थे । उनके अंतिम संस्कार में दुर्ग सांसद विजय बघेल प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा सहित गाँव समाज व परिवार के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि दिये ।



**एक नजर**

## 71वें स्टेट बैंक स्थापना दिवस पर पेंशनरों का सम्मान किया गया



**रायपुर 17 जून।** 71वें स्टेट बैंक स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कचहरी चौक स्थित सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल (सीपीपीसी), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर द्वारा पेंशनरों के सम्मान में एक भव्य पेंशनर मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक संख्या में पेंशनरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एसबीआई के उप महाप्रबंधक (बिजनेस एंड ऑपरेशंस) श्री दीपक अभिषेक ने पेंशनरों को शाल एवं गिफ्ट पैक भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने पेंशनरों का अभिनंदन करते हुए कहा कि स्टेट बैंक ऑफइंडिया सदैव पेंशनरों के हितों और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है तथा उन्हें बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अपने संबोधन में श्री दीपक अभिषेक ने कहा कि सीपीपीसी रायपुर का पूरा स्टाफ नई तकनीकों और आधुनिक कार्यप्रणाली के माध्यम से पेंशनरों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने उपस्थित पेंशनरों से आग्रह किया कि वे बैंक की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अपने सुझाव एवं सलाह बैंक प्रशासन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपीपीसी के सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) श्री एस. पी. मुंड ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में पेंशनरों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि स्टेट बैंक ऑफइंडिया पेंशनरों की समस्याओं के समाधान एवं बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। पेंशनर मीट में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव तथा रेलवे पेंशनर यूनियन के अध्यक्ष ए. के. राव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पेंशनरों के प्रति बैंक प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर सीपीपीसी स्टेटबैंक के मुख्य प्रबंधक वाई. गोपाल कृष्णा ने पेंशनरों को आश्वस्त किया कि स्टेट बैंक ऑफइंडिया हर परिस्थिति में पेंशनरों के हितों का संरक्षण और उनकी सुविधाओं का विस्तार अपना दायित्व मानता है।


## विदर्भ-छत्तीसगढ स्तरीय ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 21 जून को



**डोंगरगढ़ 17 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोंदिया डिस्ट्रीक्ट चेस असोसिएशन व कल्पना प्रकाश वेलफेअर फाऊंडेशन द्वारा गोंदिया में 21 जून 2026 को विदर्भ छत्तीसगढ स्तरीय ओपन रेपिड चेस टूर्नामेंट जी. एच. रायसोनी स्मृति में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में कुल पचास हजार के पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतियोगीता का स्थान विवेक मंदिर सी.बी.एस.ई स्कूल हरिओम कॉलोनी में किया जायेगा। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 6000/-, द्वितीय 4000/-, तृतीय 3000/-, चतुर्थ 2000/- व अन्य पचास इनाम दिये जायेंगे। 7, 9, 11, 13 वर्षीय बच्चों के लिये विशेष पुरस्कार मेडल सर्टीफिकेट दिये जायेंगे। प्रतियोगीता का उद्घाटन सुबह 9.00 बजे विवेक मंदिर स्कूल में किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये मुकेश बाराई सचिव, जी. डी. सी. ए. शाम अग्रवाल, डी. बी. चौरे, प्रभाकर पालांदुरकर, नियाज शेख, बागडे सर तुमसर, हितेश कोडवानी, आयोजन संरक्षक समिती में डॉ. नितीन कोतवाल, दिलीप जैन, शिखा पिपलेवार, राजेश चौरसिया, भुषण श्रीवास, सच्चीदानंद सोमन, राहूल दवे, राजु लिमये, त्रिलोक तुरकर, पार्थ बाराई से संपर्क जा सकता किया है।

# सेन समाज ने सभी पार, फिरकों कों एकजुट करने बैठक में चर्चा की

- समाज के सभी पार के प्रमुखों ने एकजुट होकर एक समाज एक नियम बनाने का लिया संकल्प




**रायपुर 17 जून।** 16 जून मंगलवार को वृंदावन हॉल सिविल लाइन में सर्वसेन समाज पंजीयन क्रमांक 82 के बैनर तले समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेश के सेन समाज के सभी पर पर एवं परिक्षेत्र के प्रमुखों को एकजुट कर एक नियम एक समाज बनाने के संबंध में चर्चा करते हुए प्रांत अध्यक्ष श्री पुनीत राम सेन के नेतृत्व में बैठक सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें पूरे 330 के जिलों के अलग-अलग फि को में बैठे हुए प्रमुखों को एक मंच पर आमंत्रित कर उनके विचार एवं सलाह को सुनकर एक सूत्रधार में चलकर एक मजबूत संगठन बनाने के लिए सभी परिक्षेत्र के प्रमुखों ने एक ध्वनि मत से एक मजबूत तथा बड़ा देश संगठन बनाने के विषय में चर्चा की गई, बैठक में विशेष रूप से प्रांत अध्यक्ष पुनीत राम सेन जी के साथ सचिन भवन लाल कौशिक उपाध्यक्ष आशुतोष श्रीवास कोषाध्यक्ष किशन लाल सेन महामंत्री रूद्र सेन, गौरी शंकर श्रीवास,के साथ रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर, दुर्ग जिला अध्यक्ष भीखमलाल सेन, धमतरी जिला अध्यक्ष धन सिंह सेन, मुंगेली से धनुष सेन,खैरागढ़ छुई खदान जिला अध्यक्ष नरेंद्र सेन,राकेश चंद्र सेन ,कपिल सेन,अमित श्रीवास अनिल सेन,सुशील कौशिक नारायण प्रसाद सेन, पूर्व थाना प्रभारी द्वारका प्रसाद श्रीवास , अशोक ठाकुर, कमल नारायण शांडिल ,मोहित राम सेन, बिलासपुर कोरबा ,भिलाईगढ़,पेंड्रा रोड अंबिकापुर, धमतरी ,कांकेर कोडा गांव, गरियाबंद महासमुंद राजनंदगांव,कवर्धा ,धमधा, बेमेतरा अंबागढ़ चौकी बालोद मुंगेली, से समस्त जीरो के पदाधिकारी एवं विभिन्न फि्को के प्रमुख सदस्यों ने बैठक में शामिल होकर एक बड़ा संगठन सर्वसेन समाज पंजीयन क्रमांक 82 के नाम से बनाने का संकल्प लिया,उक्त जानकारी प्रांत के अध्यक्ष श्री पुनीत राम सेन एवं सचिव श्री भुवन लाल कौशिक ने संयुक्त रूप से दी।

# पीएम मोदी आज नए भारत, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान का पर्याय हैं: बृजमोहन अग्रवाल

## 12 वर्षों में योजनाएं कागज से निकलकर जनता के जीवन तक पहुंची

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव, 17 जून।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को राजनांदगांव में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विश्वास, विकास और जनकल्याण की अभूतपूर्व यात्रा तय की है। यह कालखंड केवल सरकार के कार्यकाल का नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण, गरीबों के सशक्तिकरण, किसानों के सम्मान, महिलाओं के उत्थान और देश के गौरव को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का स्वर्णिम अध्याय है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बने हैं। 10 जून को उनके नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस दौरान देश में सुशासन, पारदर्शिता और सेवा भाव पर आधारित शासन व्यवस्था स्थापित हुई है, जिसके कारण जनता का विश्वास लगातार बढ़ा है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने पहली बार योजनाओं को जाति, वर्ग और वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठाकर महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित किया। योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उनका लाभ सीधे लोगों तक पहुंचा। यही कारण है कि आज देश का प्रत्येक नागरिक सरकार की योजनाओं को अपने जीवन में महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी ताकत जनता का अटूट विश्वास है। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यभार संभाला था तब देश के केवल 7 राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें थीं, जबकि आज 22 राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकारें हैं। यह जनता के भरोसे और सरकार की जनसेवा का प्रमाण है। किसानों के हितों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है तथा अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (छ्ब्क्ष्) व्यवस्था के माध्यम से भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है तथा लाखों करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचे हैं। इसी प्रभावी व्यवस्था के कारण देश के लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा पर बोलते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज का भारत आतंकवाद और दुश्मनों के सामने झुकने वाला नहीं, बल्कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से मुंहतोड़ जवाब देने वाला नया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और सम्मान दोनों मजबूत हुए हैं। उन्होंने बताया कि जनधन योजना के माध्यम से 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए, जिनमें 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। इससे आर्थिक समावेशन को नई गति मिली है। स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई है। अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आवास, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में 4 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाए गए, 11 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए गए तथा 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छ भारत अभियान को जन आंदोलन बनाया गया। जल जीवन मिशन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 16 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया गया है, जिससे ग्रामीण जीवन और स्वास्थ्य दोनों में व्यापक सुधार आया है। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को सहायता मिली है, जबकि मुद्रा योजना के तहत करोड़ों लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना से पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को नई ताकत मिली है।

जनजातीय समाज के उत्थान को मोदी सरकार की ऐतिहासिक प्राथमिकता बताते हुए सांसद ने कहा कि पहली बार विशेष रूप से जनजातीय समुदायों, विशेषकर अत्यंत पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अब दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं।

## शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को दी अनुशासन और शिक्षा की सीख



- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 जून।** प्रदेशभर में 16 जून से नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हो चुकी है। इसी क्रम में राजनांदगांव स्थित हायर सेकेंडरी ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और विद्यार्थियों को विद्यालय के अनुशासन का पालन करते हुए नियमित रूप से अध्ययन करना चाहिए। श्री पिल्ले ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें अपने गुरुजनों और माता-पिता का सम्मान करें तथा अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल देश का भविष्य हैं। यदि बच्चे पूरी लगन और मेहनत के साथ शिक्षा प्राप्त करेंगे तो वे अपने परिवार, शहर, गांव, प्रदेश और पूरे भारत का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिसर में नए शिक्षण सत्र के शुभारंभ को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि एवं विद्यालय से जुड़ाव बढ़ाने का संदेश दिया गया।

# सरपंच गीता खरे ने मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुईखदान 17 जून।** शासकीय प्राथमिक शाला पुरेना संकुल केन्द्र घिरघोली विकास खंड छुईखदान जिला केसीजी छत्तीसगढ़ में 16 जून 2026 को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया सर्व प्रथम ग्राम पंचायत मुरई के सरपंच गीता बाई खरे,सक्रिय महिला गणेशिया बाई,सगुना बाई,तीजन बाई,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राम किशुन जंघेल,ग्राम पटेल राजकुमार जंघेल,मनोज जंघेल , समय राम खरे एवं उपस्थित सदस्यों ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया उसके बाद सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया उसके बाद कक्षा पहली में समर्थ मानिकपुरी, शौर्य जंघेल,कशिश जंघेल का मुंह मीठा कराते हुए शाला गणवेश दिया गया प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन ने अपने तरफसे पट्टी और पहाड़ा भेंट किए।प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन ने शासकीय शालाओं में मिलने वाली सुविधाओं को विस्तार से बताया साथ ही मुख्य मंत्री जी के संदेश का वाचन किया शाला की आवश्यकताओं को विस्तार से बताया बच्चों को प्रति दिन शाला भेजने हेतु प्रेरित किया सरपंच गीता बाई खरे ने अपने उद्बोधन में सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी अच्छा से पढ़े आगे बढ़े अपना और माता पिता का नाम रोशन करे समय पर खेले समय पर पढ़ाई लिखाई करे ,अपना अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम रौशन करे ,अध्यक्ष राम किशुन जंघेल,ग्राम पटेल राजकुमार जंघेल,मनोज जंघेल, सहायक शिक्षक गोकुल राम वर्मा सहित सभी लोगों ने संबोधित किया कि रसोइया और स्वीपर को अपने कार्यों को अच्छे से करने हेतु प्रेरित किया स्कूल में आने के बाद बच्चा आप लोगों का है आप लोग ईमानदारी से काम करे, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगे सभी बच्चों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी आज कार्यक्रम पुरुष पालकों के साथ महिला पालकों की उपस्थिति सराहनीय रही।आज महिला पालक के रूप में अनुसुइया, सुरजा बाई,मान बाई, सुकरिता बाई,सीमा बाई,दुर्गा बाई,सगुना बाई, तीजन बाई गणेशिया बाई,लता बाई उपस्थित थी।

## भाजपा सरकार का जनता पर अत्याचार बढ़ाना दुखद :भागवत साहू

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 जून।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू ने केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकारों पर जनता के हितों की अनदेखी करने और लगातार महंगाई बढ़ाकर आम लोगों पर आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवार परेशान हैं। कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करेगी और आने वाले समय में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी। श्री साहू ने जारी बयान में कहा कि विभिन्न राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद भाजपा सरकार का रवैया और अधिक निरंकुश हो गया है। सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय लगातार महंगाई बढ़ाकर लोगों की परेशानियों में इजाफा कर रही है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई वृद्धि का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। परिवहन लागत बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं जिससे आम परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में बिजली दरों में वृद्धि कर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों के लिए बिजली, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें बड़ी चिंता का विषय बन चुकी हैं। भाजपा सरकार महंगाई नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने ने किसानों की समस्याओं को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के लिए आवश्यक खाद की कटौती, कालाबाजारी और समय पर उपलब्धता नहीं होने से किसान वर्ग बेहद परेशान है। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है लेकिन किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सरकार की नीतियों के प्रति किसानों में व्यापक नाराजगी देखी जा रही है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण जनता में भारी आक्रोश है।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत ऋण लेने ऑनलाइन आवेदन

- कलेक्टर की समीक्षा के बाद वेंडर्स के ऋण प्रकरणों में हुई वृद्धि
- अब तक 4 हजार से अधिक वेंडर्स को लगभग 7 करोड़ ऋण वितरण

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 जून।** भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडर्स को निजी व्यवसाय के लिए व्यक्तिगत ऋण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। योजना का क्रियान्वयन जिले के नगरीय निकायो में निवासरत छोटे व्यवसायियों से भी पीएम स्वनिधि के वेबसाईड में ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। कलेक्टर महोदय द्वारा बैंकरो की ली गयी बैठक के पश्चात ऋण प्रकरणो में वृद्धि हुई, इसी परिणति बैंको द्वारा अब तक 4 हजार 5 सौ 61 वेडर्स को 7 करोड 17 लाख रूपये स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत नये वेडर्स को लाभ देने दिनांक 18 जून 2026 को नगर निगम टाउन हॉल में प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक स्वनिधि महोत्सव आयोजित किया गया है।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेने जिले के निकाय क्षेत्र के शहरी पथ विक्रेता एवं छोटे दुकानदारो द्वारा विभिन्न बैको में ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन किया गया है। पात्र व्यवसायियो को बैको द्वारा प्रकरणो पर स्वीकृति प्रदान करते हुए लोगो को ऋण का वितरण कर लाभान्वित किया जा रहा है। योजनांतर्गत बैको के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने का प्रावधान है। योजनांतर्गत ऋण पर हितग्राही द्वारा नियमित रूप से ऋण अदायगी करने पर बैंक द्वारा ली जाने वाली ब्याज राशि में 7 प्रतिशत की राशि अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान किया गया है। योजनांतर्गत ऋण प्रकरणो के प्रगति के लिए कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने वाणिज्यिक बैंको के बैकर्स की समय समय पर बैठक लेकर ऋण प्रकरणों में वृद्धि करने निर्देशित किया गया। आज दिनांक को भी उनके द्वारा बैंकर्स की बैठक लेकर प्रगति की जानकारी ली एवं अधिक से अधिक वेडर्स को लाभ देने के निर्देश दिए। योजनांतर्गत जिले के बैंको को 6068 प्रकरण प्रेषित किये गये थे, जिसमें से बैको द्वारा कुल 4561 ऋण प्रकरणो में स्वीकृति प्रदान करते हुए 4328 प्रकरणो पर ऋण वितरण किया गया।

जिले के नगरीय निकायो के बैंको को प्रेषित प्रकरणों में से स्वीकृत 4561 प्रकरण में 7 करोड 17 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी, स्वीकृत प्रकरण में बैंक द्वारा कुल 4328 ऋण प्रकरणो में 6 करोड 74 लाख का ऋण वितरण किया गया है साथ ही वितरित ऋण में वेडर्स को बैंक में लगने वाले ब्याज में 7 प्रतिशत छुट का लाभ देते हुए 12 लाख रूपये सब्सिडी भी प्रदान की गयी है। इसके अलावा विभिन्न बैको में लगभग 794 प्रकरण स्वीकृति एवं वितरण हेतु शेष है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे दुकानदारो एंव गरीबो के लिए लाभकारी तथा आर्थिक व वित्तीय सुविधा पहुचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है। योजना का लाभ लेने नजदीकी च्वाईस सेन्टर एवं कम्प्यूटर दुकानों में ऋण लेने हेतु ऑन लाईन आवेदन कर सकते है। साथ ही दिनांक 18 जून 2026 को नगर निगम टाउन हॉल में आयोजित स्वनिधि महोत्सव में भी नये वेडर्स को ऋण देने प्रक्रिया की जावेगी। वेडर्स उक्त तिथि को उपस्थित होकर योजना का लाभ ले सकते है।

# सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर बृजमोहन अग्रवाल ने किया फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में जनसंपर्क विभाग ने 15 जून से 17 जून 2026 तक महावीर चौक में फ्लाईओव्हर के नीचे उनकी उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 17 जून।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में जनसंपर्क विभाग द्वारा 15 जून से 17 जून 2026 तक महावीर चौक में फ्लाईओव्हर के नीचे उनकी उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री खूबचंद पारख, श्री दिनेश गांधी, श्री भावेश बैद, श्री तरूण लहरवानी, श्री डिकेश साहू, श्री ऋषिदेव चौधरी, श्री रघु शर्मा, श्री चिंटू सोनकर, श्री आकाश चोपड़ा, श्री ईशान शर्मा, श्री अरविंद बैद, श्री इरफान शेख, श्री हैरी जोसेफ, श्री हर्ष अग्रवाल सहित नागरिकगण मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं जनहितकारी नेतृत्व में संचालित योजनाओं में छत्तीसगढ़ के विकास तथा प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है, जिसे फोटो प्रदर्शनी में संजोया गया है। विभिन्न आयामों में किए गए कार्यों को फोटो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। एलईडी के माध्यम से शासन की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। फोटो प्रदर्शनी में किसान कल्याण के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खाते में 4.3 लाख करोड़ रूपए की सम्मान राशि अंतरित की गई। वही किसानों को लागत से कम से कम डेढ़ गुना एमएसपी की पक्की गारंटी मिली। कृषि निर्यात को बढ़ावा मिला है तथा करीब 2 करोड़ किसान एवं करीब 3 लाख व्यापारी ई-नाम में पंजीकृत हुए है। फोटो प्रदर्शनी में देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए गए कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया है। जिसमें हम बनाते हैं स्वदेश हथियार अंतर्गत करीब 38400 करोड़ रूपए का रिकार्ड डिफेंस एक्सपोर्ट की जानकारी दी गई है। गरीब कल्याण अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 4 करोड़ पक्के आवास का निर्माण, 12 सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण, अधोसंरचना क्रांति अंतर्गत विश्व का सबसे ऊर्जा चिनाब रेलवे ब्रिज, समुद्र पर बना अटल सेतु, राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का 1.46+ लाख किमी तक विस्तार और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरूआत की गई है। साइंस एवं टेक्नोलाजी, डिजिटल अभियान, 3 करोड़ लखपति दीदी, युवा शक्ति, मुफ्त राशन, 9 करोड़ लाभार्थियों का पोषण क्रय, आस्था के धाम अंतर्गत अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जैसी उपलब्धियों को फोटो प्रदर्शनी में डिस्पले किया गया है। इस दौरान जनमानस को जनसंपर्क विभाग की ओर से जनमन पत्रिका, सुशासन के नवीन आयाम किताब का वितरण भी किया जा रहा है।

# अच्छ संस्कार तो अच्छे संस्कार होते हैं

अच्छे संस्कार तो अच्छे संस्कार होते हैं, वह किसी धर्म के नहीं होते हैं। वह किसी मजहब के नहीं होते। अच्छे संस्कार तो आदमी को अच्छा बनाने के लिए होते हैं। आदमी में अच्छे संस्कार होने से ही दुनिया भी अच्छी होती है, सबके रहने लायक होती है। आदमी जिस दुनिया में रहता है, वह उसे आदमी के रहने लायक बनाता है, इसलिए वह चाहता है कि हर पीढ़ी में अच्छे संस्कार होने चाहिए ताकि दुनिया सबके रहने लायक हो। सच बोलना, दूसरों को तकलीफ न देना तो अच्छा संस्कार है, यह तो हर धर्म में सिखाया जाता है। क्योंकि इससे दुनिया एक बेहतर दुनिया बनती है। स्कूल हो, मदरसा हो वहां भी बच्चों को अच्छा संस्कार देने का प्रयास किया जाता है। बच्चों को अच्छी बातें सिखाई जाती, उनको अच्छे संस्कार दिए जाते हैं। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में बच्चों के लिएराष्ट्रगीत,राष्ट्रगान के साथ गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना,भोजन मंत्र अनिवार्य कर दिया गया है तो यह बच्चों को अच्छा संस्कार देने का प्रयास है,इसका विरोधी तो राजनीतिक पर तो नहीं किया जाना चाहिए।हमारे देश व राज्यों में राजनीति से कोई क्षेत्र अछूता नहीं रह गया है इसलिए कोई सरकार कुछ भी अच्छा करने का प्रयास करती है तो उसकी किसी न किसी तरह से आलोचना की जाती है। राज्य में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने साय सरकार के स्कूलों में मंत्र पाठ व सरस्वती वंदना का विरोध यह कह कर किया है कि यह आरएसएस का एजेंडा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि सरकार सरकारी स्कूलों को सरस्वती शिशु मंदिर की तरह संचालित करने का प्रयास कर रही है।इन स्कूलों में सभी धर्म,जाति के बच्चे पढ़ते हैं, ऐसे में किसी विशेष धर्म की परंपरा से जुड़े मंत्रों को अनिवार्य कर देना देश की धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था के खिलाफ है।ऐसे में अन्य धर्म के लोग भी स्कूलों में अपने धर्मग्रंथों के पाठ की मांग करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि सरकार को शिक्षा को किसी धार्मिक सांचे में ढालने बचना चाहिए।वहीं भाजपा प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा है कि जब जब सनातन संस्कृति की बात आती है तो कांग्रेस नेताओं को परेशानी क्यों होने लगती है। चिमनानी का कहना है कि गायत्री मंत्र में तो विश्व कल्याण की बात है। इस मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि कांग्रेस सनातन विरोधी है,इसलिए गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, भोजन मंत्र का विरोध कर रही है। स्कूलों में मंत्र, वंदना का उद्देश्य तो बच्चों में अनुशासन,संस्कृति और नैतिक मूल्यो का विकास करना है।मंत्री यादव का कहना है कि भोजन से पहले भोजन मंत्र पढने से बच्चों में अन्न के प्रति सम्मान की भावना बढ़ेगी। कांग्रेस को तो इस सकारात्मक पहले का स्वागत करना चाहिए। हमारे देश में माना जाता है कि मंत्र पाठ से आदमी को कई तरह का फायदा होता है, ऐसा नहीं है कि उसको पाठ हिंदू करेगा तो हिंदू को ही फायदा होगा। गायत्री मंत्र का पाठ किसी भी धर्म का व्यक्ति करे उसे वही लाभ होगा जो हिंदू को होता है। हमारे मंत्र मानव कल्याण व विश्व कल्याण के लिए हैं। वह किसी धर्म,जाति, संप्रदाय के दायरे में बंधे हुए नहीं है। विरोध करने वालों को पता होना चाहिए कि गायत्री मंत्र के पाठ से क्या फायदे होते हैं। गायत्री मंत्र के विषय में माना जाता है कि गायत्री मंत्र के नियमित पाठ सही उच्चारण के साथ किए जाने पर मन शांत होता है,स्मरण शक्ति व एकाग्रता बढ़ती है,नकारात्मक विचार दूर होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और बौध्दिक विकास होता है। विद्यार्थियों के लिए इससे विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। मान्यता है कि इसका एक सौ आठ बार जाप करने से बुध्दि प्रखर होती है ,पढ़ाई में मन लगता है। गायत्री मंत्र का अर्थ है कि हे ईश्वर हमारी बुध्दि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें। यह तो अच्छी बात है और दुनिया के तमाम लोगों के लिए अच्छी बात है। दुनिया के लोगों की बुध्दि अच्छे मार्ग पर चलने वाली होगी तो दुनिया आज से तो बेहतर होगी। यह तो दुनिया को बेहतर दुनिया बनाने का प्रार्थना है और कांग्रेस को यह आरआसएस का एजेंडा लगता है तो उनकी बुध्दि पर अफसोस किया जा सकता है। कांग्रेस की बुध्दि वोट बैंक से परे कुछ सोच नहीं पाती है। उसके नेता को दुनिया का सबसे बड़ा काम आरएसएस, भाजपा व मोदी का विरोध ही लगता है तो राज्य व जिले के नेताओं को भी ऐसा लगना स्वाभाविक है।कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व को आरएसएस से कितनी नफरत है इसका अंदाजा समय समय पर आरएसएस के खिलाफ दिए गए उनके वक्तव्य से लग जाता है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि कांग्रेसी अपना सर कटाना पसंद करेगा लेकिन आरएसएस के सामने सर नहीं झुकाएगा। जब नेतृत्व के मन में भाजपा,मोदी व आरएसएस के प्रति गहरी नफरत है तो निचले स्तर के नेताओं में तो होना ही होना है कि हम ऐसा करेंगे तो हमारा नेता हमेश खुश होगा, यही वजह है कि आरएसएस,भाजपा व मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेता नफरत भरे बयान बढ़चढ़कर देते रहते हैं। हाल ही में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि आज इंदिरा गांधी होती तो आरएसएस पर प्रतिबंध लगा देती। आरएसएस से इतनी नफरत की वजह बस यही है कि उसके कारण कांग्रेस की धर्मनिरपक्षता की पोल खुल गई है और कांग्रेस मुसलमानों की पार्टी मानी जा रही है और उसे पहले की तरह हिदुओं के वोट नहीं मिल रहे हैं क्योंकि आरएसएस ने जाति,भाषा,क्षेत्र के आधार पर बंटे हुए हिंदुओं को एकजुट करने का काम किया है। हिदुओं के एकजुट होने के कारण कांग्रेस निरंतर चुनाव हार रही है। इस दौरान राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेता हिदुओं को अगड़ा, पिछड़ा, दलित के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं लेकिन एकजुट हिंदू समाज कांग्रेस के समाज को तोडऩे की तैयारी को बखूबी समझ रहा है और हर चुनाव में उसे हरा कर संदेश दे रहा है कि जो हिदू समाज का विरोध किसी भी तरह से करेगा, उसे हिंदू समाज वोट नहीं देगा। राहुल गांधी सोचते हैं कि वह हिंदू समाज को पहले की तरह बांट सकते हैं वह भूल गए हैं कि पहले हिंदू समाज के पास पीएम मोदी जैसा नेता नहीं था, अब उसके पास पीएम मोदी के अलावा भी अगले कई दशक तक ऐसे हिंदू नेता है जो जनता की पहली पंसद बने रहेंगे और कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखेंगे।देश की जनता समझ गई सनातन का विरोध करने वालों को सत्ता सौंपन का मतलब है सनातन का अपमान है। कई दशक तक सनातम का अपमान किया जाता रहा है अब हिंदू समाज सनातन का अपमान नहीं सहेगा।

## विशेष

# नीतिगत गतिरोध से विकसित भारत तक: मोदी युग ने भारत को नए सिरे से परिभाषित किया

श्री पीयूष गोयल



वर्ष 2014 के बाद से, भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इसकी अर्थव्यवस्था कहीं अधिक मजबूत हुई है। बुनियादी ढांचा निश्चित रूप से बेहतर हुआ है। महिलाएं बेहद सशक्त हुईं हैं। किसानों को बेहतर दाम मिल रहे हैं और गरीब अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित हुए हैं। इन तमाम बदलावों में एक ही बात साझा है: प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और उनका नेतृत्व। भारत के लोगों ने उनके दूरदर्शी एवं संवेदनशील नेतृत्व का भरपूर समर्थन किया है और उन्हें देश का सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाला निर्वाचित प्रधानमंत्री बनाया है। बीते 10 जून को उन्होंने राष्ट्र की सेवा में 4,399 दिन पूरे किए और अपनी पहली चुनावी जीत के बाद जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। देश के लोगों ने ऐसे समय में 2014 में मोदी सरकार को भारी बहुमत से सत्ता सौंपी, जब अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही थी और यूपीए सरकार के बदनाम कार्यकाल के दौरान नीतिगत गतिरोध, भ्रष्टाचार, घोटालों एवं विवादों को लेकर जनता में निराशा लगातार बढ़ रही थी।

संवेदनशील नेतृत्व - 2014 से देश निरंतर बदलाव की यात्रा पर है। मोदी सरकार ने 81 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त अनाज की व्यवस्था की, 58 करोड़ जन धन बैंक खातों के जरिए वित्तीय समावेशन को संभव बनाया और 16 करोड़ घरों तक नल के पानी का कनेक्शन पहुंचाया। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना, 'आयुष्मान भारत' के जरिए 12 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मिल रही है। कई युवा भारतीयों के लिए यह कल्पना करना मुश्किल हो सकता है कि मोदीजी द्वारा - पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में - लाए गए बड़े बदलावों से पहले जीवन कितना चुनौतीपूर्ण था। उनके निर्णायक नेतृत्व और नेक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण ने देश को 'विकसित भारत 2047' मिशन की दिशा में आगे बढ़ाया है। इस मिशन में भारत की विरासत पर गर्व और विकास का एक महत्वाकांक्षी एजेंडा शामिल है।

### नारी शक्ति

प्रधानमंत्री के लिए महिलाएं केवल सहायता की लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माता हैं। सबसे पहले उनकी बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दिया गया: स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। इससे उनकी सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि हुई। वहीं, उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए। इससे महिलाओं को धुएं से भरी रसोई के खतरों से मुक्ति मिली। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की पहल ने बेटियों की शिक्षा एवं उनके कल्याण के महत्व को और ठोस बनाया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के जरिए, प्रधानमंत्री ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ाने के लिए देश की विधायिकाओं में महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की है।

### किसानों का कल्याण

किसानों का कल्याण प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का एक मुख्य आधार रहा है। किसानों के योगदान को मान्यता देते हुए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के जरिए उन्हें सीधे आय संबंधी सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत बांटे गए कुल 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि से लगभग 10 करोड़ किसान परिवारों को लाभ हुआ है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी काफी बढ़ोतरी की है, जो अब उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना है। साथ ही, किफायती दरों पर फसलों के लिए पोषक तत्व उपलब्ध कराकर किसानों को वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी से बचाया गया है।

### युवाओं के लिए अवसर

युवा भारतीयों के लिए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से, 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी प्रमुख पहलें शुरू की गई हैं। 'कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय' के रूप में एक समर्पित मंत्रालय के गठन से जहां युवाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था के अनुकूल कौशल से लैस करने में मदद मिली है, वहीं भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में उभरती हुई क्रांति का लाभ उठाने के लिए तैयार भी किया गया है। 'स्टार्टअप इंडिया' और नवाचार को दिए गए व्यापक समर्थन ने कई युवाओं को नौकरी खोजने वाला से हटकर नौकरी देने वाला बनने में मदद की है। इन पहलों ने उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) की एक ऐसी नई लहर की नींव रखी है, जिसमें आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के मामले में अहम योगदान देने की क्षमता है।

### अर्थव्यवस्था और जीवनयापन में सुगमता

वर्ष 2014 से पहले, भारत की गिनती दुनिया की "फ्रैजाइल फाइव" (कमजोर पांच) अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में होती थी। निवेशकों का भरोसा भी लगातार कम हो रहा था। साहसिक सुधारों, निवेशकों के लिए अनुकूल नीतियों, वित्तीय अनुशासन और अपेक्षाकृत कम महंगाई के सहारे, भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और यह कारोबार व निवेश का एक आकर्षक स्थल बनता जा रहा है। भारत ने विभिन्न विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इससे हमारे युवाओं, किसानों, छोटे व्यवसायों, कारीगरों और श्रमिकों के लिए वैश्विक स्तर पर नए अवसर खुले हैं। और ऐसा भारत के हितों से समझौता किए बिना किया गया है। यह यूपीए सरकार द्वारा किए गए कुछ लापरवाही भरे समझौतों से बिल्कुल अलग है। सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और करों की कम दरों जैसे बड़े सुधारों के जरिए कारोबार जगत और मध्यम वर्ग का भरोसा भी बढ़ाया है। इंटरनेट की पैठ और डिजिटल भुगतान प्रणाली के तेज विस्तार के साथ मिलकर, 'डिजिटल इंडिया' पहल ने अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव डालने के साथ-साथ नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन को भी आसान बनाया है। कई पुराने एवं मामूली अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाने तथा अनुपालन के अनावश्यक बोझ को कम करने से कारोबार जगत को और भी अधिक लाभ हुआ है। मध्यम वर्ग को भी काफ़ी राहत मिली है और 12.75 लाख रुपये तक की सालाना आय को आयकर से छूट दे दी गई है।

### आधुनिक बुनियादी ढांचा

मोदी सरकार देश के बुनियादी ढांचे में तेजी से बदलाव ला रही है। सक्रिय हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। वर्ष 2014 में सक्रिय हवाई अड्डों की संख्या 74 थी और अब यह 160 से अधिक हो गई है। बड़े पैमाने पर रेलवे के विद्युतीकरण, महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना और राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेसवे के तेज विस्तार ने देश के कई हिस्सों के बुनियादी ढांचे को दुनिया के बेहतरीन बुनियादी ढांचों की बराबरी में ला खड़ा किया है। प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का वास्तविक महत्व कार्यकाल के दिनों की गिनती में नहीं, बल्कि किए गए व्यापक बदलावों में निहित है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने गरीबों एवं किसानों के कल्याण, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं और उभरते भारत की महत्वाकांक्षाओं को शासन के केन्द्र में रखा है। अब जबकि देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है, 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के नए संकल्प के साथ बदलाव की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

**(लेखक केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)**

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान और मन में नई उम्मीदें लेकर आ सकता है। आसपास का माहौल इतना सकारात्मक रहेगा कि आपका आत्मविश्वास खुद-ब-खुद बढ़ता महसूस होगा। कोई अच्छी खबर दिल को खुशी दे सकती है और आगे बढ़ने की नई प्रेरणा भी मिलेगी। संतान की पढ़ाई को लेकर जो चिंता थी, वह प्यार और समझदारी भरी बातचीत से काफी हद तक कम हो सकती है।

**वृषभ** आज का दिन सुकून और संतोष से भरा रहने वाला है। नौकरी या नए अवसर की तलाश कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी मिल सकती है। पैसों के मामले में ईमानदारी और सही रास्ता चुनना आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा, क्योंकि गलत तरीके से कमाया गया लाभ आगे परेशानी दे सकता है। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करके पैसे उधार देने से बचें।

**मिथुन** आज पैसों से जुड़े फैसलों में बहुत समझदारी दिखाने की जरूरत होगी। जल्दबाजी में लिया गया आर्थिक निर्णय बाद में परेशानी खड़ी कर सकता है। यात्रा या किसी मुलाकात के दौरान ऐसी जानकारी मिल सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। अधिकारियों का सहयोग मिलने से आत्मविश्वास मजबूत रहेगा।

**कर्क** आज घर और रिश्तों में खुशियों की मिठास घुली रहेगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम और समझदारी का सुंदर संतुलन बना रहेगा। जीवनसाथी को करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे घर का माहौल और खुशनुमा होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह से जुड़ी रुकावट किसी करीबी की मदद से दूर हो सकती है। हालांकि हर मुस्कुराने वाले व्यक्ति पर तुरंत भरोसा करना ठीक नहीं होगा।

**सिंह** आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपकी छवि और मजबूत होती नजर आएगी। लोग आपके काम और व्यवहार की सराहना करेंगे। हालांकि कोई बड़ी डील आखिरी समय में अटक सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें, क्योंकि जल्द ही रास्ता निकल आएगा। लंबे समय से अटका काम पूरा होने से राहत महसूस होगी। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से नए संपर्क बनेंगे और आपकी पहचान बढ़ेगी।

**कन्या** आज किस्मत आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलती दिखाई देगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको भावनात्मक मजबूती देगा और मन को सुकून मिलेगा। संतान के भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, लेकिन सही योजना और समझदारी से स्थिति संभल जाएगी। किसी भी विवाद से दूरी बनाए रखना आपके लिए बेहतर रहेगा। सरकारी योजनाओं या सुविधाओं का लाभ मिलने के संकेत हैं।

**तुला** आज अधूरे कामों को पूरा करने के लिए समय बेहद अनुकूल रहेगा। सेहत को नजरअंदाज न करें, खासकर पेट से जुड़ी समस्या परेशानी दे सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी मुश्किल महसूस हो सकती है, लेकिन लगातार मेहनत उन्हें सफलता दिलाएगी। पुराने लेन-देन निपटने से मन हल्का महसूस करेगा। जीवनसाथी के लिए कोई छोटा-सा सरप्राइज आपके रिश्ते में नई मिठास घोल सकता है।

**वृश्चिक** आज पैसों और खर्चों को लेकर थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत होगी। बिना योजना के खर्च बढ़ सकते हैं, खासकर शौक और आराम से जुड़ी चीजों पर। घर की सजावट या नवीनीकरण का विचार भी मन में आ सकता है। माता की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में बॉस की तरफ से प्रशंसा, प्रमोशन या कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु** आज हर काम में धैर्य और समझदारी से आगे बढ़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। पिता की सलाह आज आपके लिए मार्गदर्शक साबित हो सकती है। संतान की खुशी के लिए कोई नई चीज खरीदने का विचार मन में आ सकता है। ऑफिस में वरिष्ठों की बातों को नजरअंदाज करना नुकसानदेह हो सकता है, इसलिए सावधानी रखें। मन की कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से खुशी दोगुनी हो जाएगी।

**मकर** आज का दिन नई शुरुआत और महत्वपूर्ण फैसलों का संकेत दे रहा है। आपकी समझदारी और विवेक आपको सही दिशा में आगे बढ़ाएंगे। छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि वही आगे बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं। पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर देगी और मन खुश रहेगा।

**कुंभ** आज आपका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी। आप अपने कामों को पूरे आत्मविश्वास के साथ पूरा करेंगे। जरूरतमंद की मदद करके मन को अलग ही सुकून मिलेगा। परिवार की किसी समस्या को बातचीत और समझदारी से सुलझाने में आपकी अहम भूमिका रहेगी। संपत्ति से जुड़ा कोई अच्छा अवसर सामने आ सकता है। संतान से किया गया वादा निभाना जरूरी होगा, वरना उनकी नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

मीन आज सेहत को सबसे ऊपर रखना जरूरी होगा। छोटी-सी परेशानी को भी नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। कोई व्यक्ति मीठी बातों से आपको भ्रमित करने की कोशिश कर सकता है, इसलिए नए लोगों पर तुरंत भरोसा करने से बचें। प्रॉपर्टी या जमीन से जुड़े काम करने वालों को कोई अच्छी कानूनी या सरकारी खबर मिल सकती है। किसी से वादा करने से पहले अपनी क्षमता का सही अंदाजा जरूर लगा लें।

## सू- दोकू क्र.072

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.071 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## शब्द सामर्थ्य -072

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 071 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# पंडित नेहरू के इंडिया से मोदीजी के भारत तक

हरदीप सिंह पुरी



मोदीजी ने 10 जून, 2026 को प्रधानमंत्री के पद पर अपना लगातार 4399वां दिन पूरा कर लिया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के 1952 में पहली निर्वाचित सरकार से 1964 में उनके निधन तक लगातार प्रधानमंत्री रहने के कीर्तिमान को पीछे छोड़ दिया। 1947 से देखें तो सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री के पद पर रहने का रिकॉर्ड अब भी पंडित नेहरू के नाम ही है। लेकिन मोदीजी ने उन्हें हमारे गणराज्य के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित शासन प्रमुख रहने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इस दरमियान मैंने अपना कामकाजी जीवन शासन के अंदर गुजारा है। इस उपलब्धि में मेरी दिलचस्पी गणित के लिहाज से कम है। मेरी ज्यादा दिलचस्पी इसमें है कि इस उपलब्धि को कैसे मापा जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सिखाया है कि सरकार को इस बात से आंका जाना चाहिए कि कतार के आखिर में खड़े आदमी तक क्या कुछ पहुंचता है। इसे ही अंत्योदय कहते हैं। पंडित नेहरू के 'इंडिया' और मोदीजी के 'भारत' के बीच का फासला वह दूरी है जिसे इस आखिरी आदमी ने तय किया है।

एक निष्पक्ष मूल्यांकन करें तो देखते हैं कि पंडित नेहरू को विरासत में क्या मिला था। उन्हें विरासत में एक ऐसा विभाजित उपमहाद्वीप मिला जो इतिहास के सबसे बड़े जबरन विस्थापन से जूझ रहा था, दो सदियों के औपनिवेशिक शोषण से खोखली हो चुकी अर्थव्यवस्था मिली, ऐसी आबादी मिली जिसमें पाँच में से एक से भी कम लोग पढ़-लिख सकते थे और औसत उम्र तीस साल के आस-पास थी। उस विरासत के आधार पर उन्होंने एक ऐसा संवैधानिक लोकतंत्र खड़ा किया जो टिका रहा, जबकि एक के बाद एक स्वतंत्र हुए कई अन्य देश सेना के जनरलों या तानाशाहों के कब्ज़े में चले गए।'योजना आयोग' दिशा तय करता था, सार्वजनिक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर मजबूत पकड़ थी और लाइसेंस प्रणाली यह तय करती थी कि कौन क्या उत्पादन कर सकता है। विश्वविद्यालय, प्रयोगशालाएँ, परमाणु और अंतरिक्ष कार्यक्रम- आज़ाद भारत की संस्थागत नींव उन्हीं वर्षों में रखी गई थी।मैं 1974 में विदेश सेवा में आया और जिस भारत का मैंने प्रतिनिधित्व किया, वह एक गंभीर देश था जिसने अपनी व्यवस्था की क्षमता के अनुसार पूरी गरिमा के साथ अभावों का सामना करने का रास्ता चुना था।उस व्यवस्था की कीमत तब तक साफ दिखने लगी थी जब तक मैं अपने करियर के मध्य पड़ाव पर पहुँचा। सरकार ने योजनाओं का आवंटन करना तो सीख लिया था, लेकिन वह वितरण करना नहीं सीख पायी थी। दिल्ली में घोषित किसी योजना और गाँव में मिलने वाले लाभ के बीच का जो फ़ासला था, वहीं सारा पैसा गायब हो जाता था। एक पूर्व प्रधानमंत्री का यह मानना कि हर एक रुपये में से सिर्फ पंद्रह पैसे ही गरीबों तक पहुँच पाते हैं, इस मॉडल पर अपने आप में एक बड़ा सवाल था। सरकार योजना तो बना सकती थी, लेकिन वह लोगों तक पहुँच नहीं पाती थी।2014 में मोदी जी को जो विरासत मिली, उसका भी उतना ही ईमानदार मूल्यांकन होना चाहिए। उन्होंने एक ऐसी अर्थव्यवस्था की कमान संभाली थी जिसे बाज़ार ने 'फ्रैजाइल फ़ाइव' (पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं) की श्रेणी में रखा था; जो अटकी हुई परियोजनाओं के बोझ तले दबी थी, दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति और भ्रष्टाचार से घिरी थी जिसने शासन पर से जनता के भरोसे को ही खोखला कर दिया था। इसका समाधान उन्होंने एक बिल्कुल अलग तरह की व्यवस्था बनाकर किया।'योजना आयोग' की जगह 'नीति आयोग' ने ले ली, जो राज्यों को निर्देश देने के बजाय उन्हें साथ लेकर चलता है। पहचान (पहचान पत्र), बैंक खाता और मोबाइल फोन को एक साथ जोड़ा गया और सरकार ने बिचौलियों के बजाय, जो चार दशकों से अपना कमीशन ले रहे थे, नागरिकों को सीधे भुगतान करना शुरू कर दिया।'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' एक निर्णायक माध्यम है जो बहुत साधारण लगता है लेकिन इसने शासन के इरादे की बजाय वास्तविक लाभ के मिलने पर ध्यान केंद्रित किया।

इसके बाद जो हुआ, वह एक 'मंच' के रूप में सरकार की नई परिकल्पना थी। भारत ने सार्वजनिक डिजिटल ढांचा और एक ऐसी पहचान व्यवस्था बनाई जो पूरे उपमहाद्वीप में काम करती है। एक ऐसा भुगतान नेटवर्क खड़ा किया गया जिसका आज पूरी दुनिया अध्ययन कर रही है। पचास करोड़ से अधिक जनधन खातों ने उन परिवारों के लिए औपचारिक बैंकिंग के दरवाजे खोल दिए, जहाँ यह सुविधा पहले कभी नहीं पहुँची थी।नीति आयोग के अनुमान के अनुसार, इसी दशक में लगभग पच्चीस करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं और जिस अर्थव्यवस्था को बाजारों ने खारिज कर दिया था, वह अब किसी भी अन्य बड़ी अर्थव्यवस्था की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। जो सरकार कभी नागरिक और उसकी जरूरत के बीच में रुकावट बन जाती थी, वह अब किनारे हटकर उसका आगे बढ़ने का मार्ग बना रही है। 'भारत' शब्द के पीछे यही मूल भावना है।मैं जिस पद पर हूँ, वहाँ से इस बदलाव के बारे में बात कर सकता हूँ। साल 2014 में, हमारे पेट्रोल में इथेनॉल संमिश्रण का स्तर 1.53 प्रतिशत था। इस वर्ष हम बीस प्रतिशत के स्तर पर पहुँच चुके हैं—एक ऐसा लक्ष्य जो कभी 2030 के लिए तय किया गया था और जिसे हमने आधा दशक पहले ही हासिल कर लिया है। वह पैसा जो कभी कच्चे तेल की खरीद के लिए देश से बाहर चला जाता था, वह अब हमारे किसानों तक पहुँच रहा है, जो हमें अन्न देने वाले 'अन्नदाता' के साथ-साथ अब ऊर्जा देने वाले 'ऊर्जादाता' भी बन गए हैं। इन्हीं वर्षों में, उज्ज्वला योजना ने पहली बार दस करोड़ से अधिक गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुँचाई और इसकी सब्सिडी बिना किसी बिचौलिये के सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी गई। यह 'अंत्योदय' का ही एक रूप है, जो अब लीटर और सिलेंडर के माध्यम से साकार हो रहा है। अब योजनाएँ समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को नज़रअंदाज़ नहीं करतीं, बल्कि उन्हीं को केंद्र में रखकर बनाई जाती हैं।यही लेखा-जोखा ईंट और स्टील के क्षेत्र में भी दिखाई देता है। 'आवास योजना' के तहत उन परिवारों के लिए लगभग चार करोड़ पक्के मकान बनाए गए हैं, जिनके पास अपना कोई घर नहीं था। 2014 में केवल पांच शहरों में मेट्रो चलती थी, आज बीस से अधिक शहरों में दौड़ रही है। हवाई अड्डों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है, और 'उड़ान' योजना ने उन छोटे शहरों के लोगों के लिए भी हवाई यात्रा मुमकिन बना दी है, जहाँ के लोग पहले सिर्फ़ आसमान से गुज़रते हुए हवाई जहाज़ों को देखा करते थे। रेलवे का लगभग पूरी तरह से विद्युतीकरण कर दिया गया है और अब वहां देश में ही निर्मित सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनें चल रही हैं। ये सब कोई काल्पनिक बातें नहीं हैं। हर बदलाव का मतलब है—लंबी लाइनें खत्म हुईं, सफ़र में अब पूरा दिन बर्बाद नहीं होता और टपकने वाली छत की जगह एक मज़बूत छत मिल गई है।

बाकी चीज़ों के साथ-साथ वित्तीय ढांचा भी बदला। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने, अपनी शुरुआती तमाम दिक्कतों के बावजूद, देश को एक साझा राष्ट्रीय बाजार दिया—एक ऐसा बाजार जिसे बनाने के प्रयास में पिछले दो दशकों की हर वह सरकार नाकाम रही थी जिसने इसके लिए कोशिश की थी। केंद्र और राज्य अब 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' (व्यापार करने की सुगमता) और वितरण (सेवाओं को जनता तक पहुँचाने) की गुणवत्ता पर एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं, यह आवंटन को लेकर होने वाले पुराने झगडे से कहीं अधिक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है।इसी भरोसे ने विदेशों में भारत की छवि को बदला है और देश का प्रतिनिधित्व करने के अपने वर्षों के अनुभव के आधार पर मैं यह बात कह सकता हूँ। पंडित नेहरू की 'गुटनिरपेक्षता' की नीति एक ऐसे गरीब और नए देश के लिए समझदारी भरा कदम था जो किसी एक पक्ष को चुनने का जोखिम नहीं उठा सकता था। वहीं, 'मल्टी-अलाइनमेंट' की मौजूदा नीति एक ऐसे देश का रुख है जो चाहता है कि हर पक्ष उसे अपने साथ जोड़ने की कोशिश करे।भारत अपनी जी-20 की अध्यक्षता को केवल राजधानी तक सीमित रखने के बजाय संघ के हर एक राज्य तक लेकर गया और भारत को 'विकासशील और अल्पविकसित देशों की आवाज के रूप में पेश करने की इस रणनीति ने एक पुरानी विकासात्मक कमजोरी को नेतृत्व के दावे में बदल दिया। जो देश अपने घरेलू स्तर पर नीतियों के क्रियान्वयन को लेकर आश्वस्त होता है, वह दुनिया के सामने एक अलग ही तरह से बात करता है।इतने बड़े पैमाने परकिये गए काम की समीक्षा तो होती ही है और हमारे देश जैसे बहस-मुबाहिसे वाले लोकतंत्र में तो यह ज़रूर होगी। लेकिन सरकार से पूछे जाने वाले सवाल स्पष्ट रूप से बदल गए हैंऔर यही इस सफ़र में तय की गई दूरी का पैमाना है। पंडित नेहरू के भारत में यह सवाल पूछा जाता था कि सरकार क्या दे सकती है। मोदी जी के भारत में यह पूछा जाता है कि सरकार क्या काम पूरा करके दिखा सकती है और साथ ही उसका सबूत दिखाने पर भी जोर दिया जाता है।

इसीलिए 10 जून का दिन खास है और इसमें दिनों की गिनती उतनी अहमियत नहीं रखती। पंडित नेहरू ने भारतीय राज्य का ढांचा खड़ा किया था। मोदी जी ने इसे नए सिरे से तैयार किया है ताकि यह उस नागरिक तक पहुंच सके जिसके नाम पर इसे बनाया गया था। मैंने राज्य के इन दोनों रूपों में सेवा की है और मैं जानता हूं कि कतार में खड़ा आखिरी व्यक्ति किस बदलाव को हमेशा याद रखेगा।जो वादा कभी कहीं पहले भरोसे पर मानना पड़ता था, वह अब सीधे उसके अपने हाथों में पहुँच रहा है।यही वह 'विकसित भारत' है जिसे हमने2047 तक बनाने का संकल्प लिया है और जैसा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था- इसकी शुरुआत, कतार के उसी आखिरी व्यक्तितक पहुँच कर होती है।

**(लेखक केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

### ग्राम सभा में बिना चर्चा किए क्रय किए गए सोलर स्ट्रीट लाइट, ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

# खबर का असर- रातों-रात लगे 19 खंभे, संगमपल्ली में सोलर स्ट्रीट लाइट मामले ने पकड़ा तूल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम/बीजापुर, 17 जून।** ग्राम पंचायत संगमपल्ली में 15वें वित्त आयोग की राशि से सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना के नाम पर हुए भुगतान को लेकर प्रकाशित खबर का असर तत्काल देखने को मिला। ग्रामीणों की शिकायत और मीडिया में मामला उजागर होने के बाद पंचायत क्षेत्र में रातों-रात 19 खंभे लगाए जाने की जानकारी सामने आई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सोलर स्ट्रीट लाइट कार्य के लिए करीब 9.60 लाख रुपये की राशि पहले ही आहरित कर ली गई थी, जबकि स्थल निरीक्षण के दौरान पंचायत क्षेत्र में कार्य नजर नहीं आया था। मामले के प्रकाश में आने के बाद अब तेजी से खंभे लगाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर कार्य



पहले क्यों नहीं किया गया। जांच होने से भ्रष्टाचार उजागर होगा इस कारण इतने दिनों से बंद पड़े कार्य अचानक शुरू किये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि 14 जून को ग्रामीणों की शिकायत पर किए गए निरीक्षण के दौरान पंचायत क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट से संबंधित कोई स्पष्ट कार्य दिखाई नहीं दिया था। इसके बाद खबर प्रकाशित होते ही



बिना अनुमोदन डीएससी लगाकर वेंडर को भुगतान
संगमपल्ली में 15वें वित्त आयोग की राशि में गड़बड़ी का आरोप

■ जिला पंचायत सीईओ के नाक के नीचे किया गया भ्रष्टाचार
■ सोलर स्ट्रीट लाइट के नाम पर निकाले 10 लाख की राशि पर उठे सवाल

पंचायत में गतिविधियां बढ़ गईं और सोमवार को 19 खंभे लगाए जाने की पुष्टि स्वयं ग्राम पंचायत सचिव आनंद राव पारेट ने की।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि कार्य वास्तव में पहले से स्वीकृत और भुगतानित था तो इसे समय पर पूरा क्यों नहीं किया गया। वहीं, बिना जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन के डीएससी के माध्यम से भुगतान किए जाने के आरोपों को लेकर भी सवाल बरकरार हैं।

#### जांच की मांग बरकरार

वार्ड पंचों और ग्रामीणों ने कहा है कि खंभे लगाए जाने से मूल सवाल खत्म नहीं हो जाते। ग्राम सभा के बिना कैसे सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना की गई। पंचायत की राशि को ग्राम सभा में चर्चा कर अति आवश्यक कार्य हेतु स्वीकृति दिया जाना चाहिए था। लेकिन बिना किसी के चर्चा के पंचायत की राशि को सेंध लगाने का काम किया गया है। उन्होंने मांग की है कि यह जांच की जाए कि भुगतान कब और किन परिस्थितियों में हुआ, कार्य का वास्तविक क्रियान्वयन कब शुरू हुआ तथा भुगतान से पहले भौतिक सत्यापन किया गया था या नहीं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, कलेक्टर एवं जिला पंचायत से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि यदि अनियमितता हुई है तो केवल कार्य शुरू कर देने से जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती।

#### अब भी जवाब के इंतजार में ये सवाल

भुगतान से पहले कार्य का सत्यापन किसने किया? डीएससी का उपयोग किस अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा किया गया? करीब 9.60 लाख रुपये की राशि जारी होने के बाद कार्य शुरू होने में देरी क्यों हुई? क्या भुगतान प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन किया गया?संगमपल्ली का यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है और ग्रामीण प्रशासनिक जांच की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना,वेंडरों के लिए आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा,17 जून।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 19 जून को नगर पंचायत के सभागृह में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11.00 से शाम 4.00 बजे तक चलने वाले इस महोत्सव में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अभियान का मुख्य उद्देश्य पथ विक्रेताओं , शहरी गरीबों और असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण व सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना है तथा छोटे दुकानदारों को अपना व्यवसाय शुरू करने या बढ़ाने के लिए बिना किसी गारंटी के आसान तरीके से लोन उपलब्ध कराना है। महोत्सव में वाणिज्यिक बैंकों और वेंडर की उपस्थिति में नए ऑनलाइन आवेदन दिए जाएंगे साथ ही लंबित प्रकरणों को स्वीकृति भी प्रदान किया जाएगा । पात्र वेंडर को तीन चरणों में लोन दिया जाएगा जिसमें प्रथम चरण में 15000, द्वितीय चरण में 25000 और तिथि चरण में 50000 तक के लोन प्रदान किए जाएंगे। नियमित ऋण अदायगी पर हितग्राही को बैंक द्वारा ली जाने वाली 7 प्रतिशत का अनुदान भी मिलेगा। हेमंत नेताम ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपा है तथा वेंडरो/व्यवसायियों को आवश्यक दस्तावेजों आधार कार्ड, पैन कार्ड,मतदाता परिचय पत्र के साथ उपस्थित होने की अपील की है जिससे वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की योजना का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

## एक नजर

### माँ धूमावती सिद्धपीठ में अखंड ज्योति कलश स्थापना

**रायपुर, 17 जून।** माँ धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने जानकारी दी कि माँ धूमावती सिद्धपीठ में एक वर्षीय अखंड ज्योति कलश स्थापित किया जाना है। माँ धूमावती जयंती के शुभ अवसर पर 22 जून को स्थापित किया जायेगा। जो भी धर्मप्रेमी इस आध्यात्मिक कार्य का हिस्सा बनना चाहते है तथा सर्वसमस्या निवारण, मनवांछित फल प्राप्ति मनोकामना पूर्ति एवं आत्म कल्याण निमित्त सौभाग्य प्राप्ति अखंड ज्योति कलश स्थापित कर सकते है। इन सभी के कल्याण हेतु प्रतिदिन मंत्र जाप-पाठ हवन-पूजन सिद्धपीठ में किया जायेगा। एक वर्षीय अखंड ज्योति कलश स्थापना सेवा राशि 25,000/- रुपये प्रतिवर्ष है। आत्मकल्याण के इच्छुक अधिक जानकारी के लिए मो. नं. 831904303 पर या माँ धूमावती सिद्धपीठ, शीतला माता मंदिर प्रांगण, पुरानी बस्ती, रायपुर में संपर्क कर सकते हैं।

### धर्माऊर शाला प्रवेश उत्सव में चित्रकोट विधायक ने नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

**जगदलपुर, 17 जून।** जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत धर्माऊर में आज मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विधायक विनायक गोयल ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। विधायक गोयल ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और उनकी शिक्षा में सहयोग करने की अपील की।शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ईसाई धर्म छोड़कर हिंदू धर्म में लौटने पर ग्रामीणों ने एक परिवार का किया स्वागत

**कांकेर, 17 जून।** जिले के अंतागढ़ क्षेत्र के ग्राम टेमरुपानी निवासी तुलसीराम नाग का परिवर आज मंगलवार को ईसाई धर्म छोड़कर अपने हिंदू धर्म में लौटने का फैसला किया। गांव के मुखिया के संपर्क में आने के बाद तुलसीराम का परिवार अपनी स्वेच्छा से भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन और माता बहादुर कलारिन के समक्ष पुनः अपने मूल धर्म को स्वीकार किया। जहां सभी ने तुलसीराम के पूरे परिवार का स्वागत किया। तुलसीराम नाग का कहना है कि कुह लोगों के बहकावे में उसे अपने मूल धर्म को छोड़ना पड़ा था। लेकिन अब वह अपनी गलती को सुधारते हुए अपने धर्म में आ गए। इस अवसर पर सामाजिक बंधु, ग्रामवासी, पटेल और गायता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समाज के लोगो ने तुलसीराम नाग के परिवार की वापसी का स्वागत किया।

### ब्रह्मकुमारी ने किया डीआरजी जवानों के लिए मेडिटेशन एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बीजापुर, 17 जून।** जिला मुख्यालय में ब्रह्मकुमारी आश्रम (प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय) द्वारा डीआरजी जवानों के लिए आज मंगलवार को मेडिटेशन एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम के प्रशिक्षकों द्वारा जवानों को मेडिटेशन की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया गया तथा मानसिक शांति, आत्मबल एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई । कार्यक्रम के अंत में उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) सुदीप सरकार द्वारा ब्रह्मकुमारी सेवा आश्रम के प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा प्रशिक्षकों को स्मृति स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।प्रशिक्षकों ने डीआरजी जवानों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तनाव प्रबंधन, संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम के संबंध में आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सुझाव प्रदान किए। उन्होंने बताया कि नियमित मेडिटेशन एवं योगाभ्यास से मानसिक एकाग्रता, कार्यक्षमता तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, जिससे दैनिक जीवन एवं कर्तव्य निर्वहन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान जवानों को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने, आत्मअनुशासन विकसित करने तथा मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के विभिन्न उपाय भी बताए गए। उपस्थित जवानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

## अनियंत्रित ट्रक घर में जा घुसा,कोई घायल नहीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 जून।** दुर्ग जिले के हनोदा गांव में देर रात एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया मुरुम से लदा एक अनियंत्रित ट्रक सीधे एक घर में जा घुसा गनीमत यह रही कि इस घटना में परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए, वरना एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब 2:30 बजे की है मुरुम से भरा एक ट्रक अत्यधिक तेज रफ्तार में गुजर रहा था ट्रक चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण ट्रक ने पहले सड़क पर मौजूद एक कुत्ते को कुचला और फिर अनियंत्रित होकर पास ही स्थित एक घर को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि घर की दीवारों में दरारें पड़ गई हैं जिस समय यह हादसा हुआ, घर के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे घर की दीवारें क्षतिग्रस्त होने के बावजूद पूरी तरह नहीं ढहीं, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया घटना के बाद ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में रात भर अवैध मुरुम खनन का काम चलता है। खदानों से मुरुम भरकर निकलने वाले ये ट्रक हमेशा तेज रफ्तार में चलते हैं, जिससे स्थानीय लोगों के लिए सड़क पर चलना और रहना असुरक्षित हो गया है।

## ग्राम पंचायत सचिव-सरपंच पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप, सिर्फ गड्ढा खोदने निकाले लाखों रुपए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम/बीजापुर 17 जून।** भोपालपटनम विकासखंड की ग्राम पंचायत दम्पाया में 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने पंचायत के सचिव और सरपंच पर सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना के नाम पर लगभग 6 लाख रुपये की राशि आहरित कर वित्तीय अनियमितता करने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत अभिलेखों में सोलर स्ट्रीट लाइट कार्य दर्शाया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर सिर्फ गड्ढा खोदा गया है। इससे शासकीय राशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की आशंका व्यक्त की जा रही है। मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

निकाली गई राशि का विवरण-ग्राम पंचायत दम्पया में 15वें वित्त योजना से दिनांक 04 मई 2026 को 59332, 150000, 56573, 33600, 150000, 114600, 9400, दिनांक 23 मई 2026 को 26000 कुल राशि 599505 रुपये वेंडर पेमेंट की गई है।

**सचिव और वेंडर की मिलीभगत**-पूर्व सरपंच टोंकुल एल्लैया ने





कहा कि पंचायत द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना के लिए राशि का भुगतान किया गया, जबकि कार्य नाम पर खानापूर्ति किया गया है। आरोप है कि कागजों में कार्य पूर्ण दर्शाकर राशि आहरित कर ली गई।

**ग्रामीणों ने उठाए सवाल**-ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि लाखों रुपये की राशि खर्च की गई है तो पंचायत क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट का कार्य अभी तक पूर्ण क्यों नहीं हुआ? उनका कहना है कि पंचायत में चर्चा किए बिना ही सचिव सरपंच अपने चहेते लोगों के साथ सांठगांठ करके पैसा आहरण कर लेते हैं। वार्ड पचों ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा में पर्याप्त जानकारी और पारदर्शिता के बिना राशि का उपयोग किया गया। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

**जांच और कार्रवाई की मांग**-वार्ड पंचों एवं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, कलेक्टर और जिला पंचायत से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उठ रहे हैं कई सवाल-मालूम हो कि सचिव आनंद राव के ऊपर पहले भी भ्रष्टाचार करने के आरोप लगते आ रहे हैं। संगमपल्ली पंचायत में भी सोलर स्ट्रीट लाइट के नाम पर 9.60 लाख की राशि निकाली गई थी। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद रातों रात कार्य शुरू किया गया था। वही अब दम्पाया पंचायत में भी सोलर स्ट्रीट लाइट कार्य के लिए राशि निकाली गई। प्रश्न यह उठता है कि राशि का उपयोग कहां हुआ? आधा अधूरा कार्य करके 3 बार भुगतान वेंडर को प्रदाय किया गया है। जबकि वास्तव में कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इन सब के पीछे क्या वजह है यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा।अब सभी की नजर जिला प्रशासन की संभावित जांच और कार्रवाई पर टिकी हुई है।इस संबंध में जानकारी लेने सरपंच के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ।ग्राम पंचायत दम्पाया सचिव आनंद राव पारेट से जानकारी ली गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कोई जवाब नहीं दिया है।

## लोहा चोरी का मास्टर माइंड फरार,संजय सिंह यूपी से गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) में ब्लू डस्ट की आड़ में 250 टन लोहा चोरी के मास्टर माइंड फरार 10 हजार रुपए के ईनामी संजय सिंह को दुर्ग पुलिस ने 21 वें दिन ग्राम-देवरिया (उत्तरप्रदेश) से दबोच लिया है उसकी गिरफ्तारी के लिए दुर्ग पुलिस ने सप्ताह भर से वहां पर डेरा डालकर योजनाबंद तरीके से पकड़ा। पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी है अब संजय सिंह से पूछताछ में बड़ा खुलासा हो सकता है। इस चोरी के खेल में और किस-किस भूमिका है, शहर के बड़े ट्रांसपोर्टर व बीएसपी के अधिकारी भी घेरे में आ सकते हैं वहीं संजय सिंह का बेटा अभय सिंह अभी फरार है। विवेचना के दौरान स्क्रैप चोरी में संलिप्तता पाए जाने पर एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि प्रकरण में पूर्व में 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है विवेचना के दौरान मुख्य फरार आरोपी संजय सिंह (48 साल ) निवासी खुर्सीपार की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी उत्तरप्रदेश में छिपकर रह रहा है। सूचना पर



विशेष पुलिस गठित कर उत्तरप्रदेश रवाना किया गया। जांच के दौरान आरोपी का देवरिया में छिपकर रहना पता चला। इस पर पुलिस टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश देकर घेराबंदी की गई तथा उसे गिरफ्तार कर दुर्ग लाया गया वहीं विवेचना के दौरान एक अन्य आरोपी पिंटू उर्फ उपेंद्र ओझा (48 साल ) निवासी सड़क नंबर 26, सेक्टर-05 की भी स्क्रैप चोरी प्रकरण में संलिप्तता पाए जाने पर उसे भी गिरफ्तार किया गया है दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पूछताछ के लिए 7 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है बता दें कि पुलिस ने मामले में 30 मई को सांई एसोसिएट के क्रेन आपरेटर रविन्द्र साहू को गिरफ्तार किया था। वह मुख्य आरोपी संजय सिंह के निर्देश पर क्रेन के माध्यम से लोहे के स्क्रैप को ब्लू डस्ट परिवहन करने वाली गाड़ियों में लोड करता था। इसके बाद 31 मई को सांई एसोसिएट का सुपरवाइजर घनश्याम गुप्ता को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था वहीं 1 जून को भी पुलिस ने आरोपी इन्द्र कुमार पटेल (26 साल ) निवासी छावनी व मदन साहू (24 साल ) को गिरफ्तार किया था बीएसपी के महाप्रबंधक की रिपोर्ट पर हुआ था अपराध दर्ज पुरानी भिलाई पुलिस ने 27 मई को बीएसपी के महाप्रबंधक धमन भ?ट्ठी राजेश चमोर्शिकर की शिकायत पर 5 आरोपियों संजय सिंह, मो. सलीम, चिंतानंद साहू, जितेश वर्मा व निर्मल सिंह के खिलाफ धारा 303 (2), 317 (4), 3(5), 112 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया था इसके बाद पुलिस ने संजय सिंह के सुपरवाइजर निर्मल सिंह (52 साल ) वैशाली नगर, मीथेन ठाकुर निवासी सिकोला बस्ती मोहननगर, चिंतानंद साहू (40 साल ) बाबा दीप सिंह नगर वैशालीनगर, जितेश वर्मा (36 साल ) निवासी टाटा लाइन कोहका को गिरफ्तार किया था। इस मामले में मो. सलीम व मास्टर माइंड आरोपी संजय सिंह फरार चल रहा था चोरी का नेटवर्क बड़ा हो सकता है, पूछताछ में होगा खुलासा आरोपी संजय सिंह और उसके बेटे अभय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने संगठित तरीके से भिलाई स्टील प्लांट से स्क्रैप लोहा चोरी की योजना बनाई और उसे अलग-अलग माध्यमों से खपाने का प्रयास किया। मामले की जांच में यह भी सामने आ रहा है कि चोरी का नेटवर्क बड़ा हो सकता है और इसमें अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं पुलिस अब इस पूरे गिरोह की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। गिरफ्तारी के बाद इलाके में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा और सभी आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा पिता-पुत्र पर 10-10 हजार रुपए इनाम की घोषणा की थी छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बीएसपी में लोहा चोरी के प्रकरण के फरार आरोपी संजय सिंह और उसके बेटे अभय सिंह पर 10-10 हजार रुपए की इनाम की घोषणा की थी। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखने की बात कही थी वहीं एसीसीयू डीएसपी यदुमणि सिदार की टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सप्ताहभर पहले फरार संजय सिंह यूपी में होने की जानकारी मिलते ही टीम रवाना हो गई। पूरी योजना के साथ 16 जून को उसे दबोच लिया गया है?

## एक बाबू के आगे भाजपा सरकार बेबस, सीएम के आदेश का पालन नहीं: तुलिका कर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,17 जून।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 बाबू संतोष झा के स्थानांतरण मामले को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार सुशासन और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन दंतेवाड़ा में एक कर्मचारी के मामले में सरकार की मंशा और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों सवालों के घेरे में हैं। तुलिका कर्मा ने जारी बयान में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ बाबू संतोष झा पिछले लगभग छह वर्षों से दंतेवाड़ा जिले में पदस्थ हैं। लंबे समय से एक ही जिले में जमे रहने के बावजूद उन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग में कार्यकाल के दौरान उन पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद उनका स्थानांतरण किया गया था, लेकिन अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच का इस्तेमाल कर उन्होंने वह आदेश रुकवा लिया।



उन्होंने कहा कि इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अनुमोदन से दोबारा स्थानांतरण आदेश जारी किया गया। सामान्य तौर पर मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद जारी आदेशों को अंतिम माना जाता है और उनका पालन सुनिश्चित किया जाता है, लेकिन इस मामले में अब तक स्थानांतरण लागू नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।तुलिका कर्मा ने आरोप लगाया कि संतोष झा इस बार नया पैंतरा अपनाते हुए अपने स्व पिता को भाजपा का कार्यकर्ता बताकर और अपने राजनीतिक संबंधों का हवाला देकर स्थानांतरण रुकवाने की कोशिश कर रहे हैं।


## जिला अस्पताल में चश्मा खरीदी का खेल, सप्लाई 1200 की, भुगतान 4500 का होने का आरोप

■ महारानी अस्पताल में लाखों की खरीदी पर सवाल, मांगी गई जानकारी देने में क्यों हो रही देरी? , सीएमएचओ के आदेश की अनदेखी! चश्मा खरीदी मामले में नहीं सौंपे गए दस्तावेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,17 जून।** बस्तर जिले के जिला अस्पताल महारानी में पदस्थ एक चिकित्सक से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितता के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। सीएमएचओ बस्तर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 11144, दिनांक 06 नवंबर 2025 के माध्यम से राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी, लेकिन आरोप है कि मांगी गई महत्वपूर्ण जानकारियां आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2023 से अगस्त 2025 के बीच लगभग दो वर्षों में कुल 10,200 प्रेसबायोपिक चश्मों की खरीदी की गई थी।



कार्यालय- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ0ग0)

क्र0/ मु.चि.अ./स्था./2025/11144 जगदलपुर, दिनांक 06/11/2025

प्रति,
नोडल अधिकारी
जिला अंधत्व नियंत्रण समिति
जिला-बस्तर

विषय:- कारण बताओ नोटिस।

-::00::-

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि जिला अंधत्व नियंत्रण समिति जिला बस्तर के अंतर्गत सत्र 2024-25 में खरीदी गई चश्मे/मेडिसीन के खपत न होने के उपरांत भी पुनः आपके द्वारा चश्मे/मेडिसीन के क्रय हेतु नोटशीट/मांगपत्र दिया गया है, इससे संबंधित निम्न बिंदुओं में जानकारी 03 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

1. आपके द्वारा अक्टूबर 2023 से अगस्त 2025 तक विगत 02 वर्षों में कुल 10200 प्रेसबायोपिक चश्मा की खरीदी की गई है। जिसकी हितग्राही की सूची एवं मो0न0 सहित उपलब्ध करावें।
2. आपके द्वारा मार्च 2025 में कुल 4500 काला चश्मे की खरीदी की गई, जबकि खरीदी किए गए अवधि से अभी तक लगभग 700 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए है, इसके उपरांत आपके द्वारा पुनः 1000 काला चश्मा की मांग की गई, मार्च 2025 में कुल 4500 काला चश्मे की खरीदी का विवरण देना सुनिश्चित करें। सूची उपलब्ध कराया जावे गांव के नाम का उल्लेख करते हुये।
3. आपके द्वारा नवम्बर 2023 से अब तक कुल 200 अफेकिया चश्मे की खरीदी की गई, 2023 से आज दिनांक तक किए गए अफेकिया ऑपरेशन की जानकारी एवं बचे हुए अफेकिया चश्मे की जानकारी। सूची उपलब्ध कराएं।
4. आपके द्वारा लगातार मेडिसीन की मांग किया जा रहा है लेकिन स्टॉक पंजी में मेडिसीन इन्द्राज किया गया है। मरीजों को वितरण की गई जानकारी नहीं है।
5. शहरी क्षेत्र में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी को शहरी क्षेत्र के मरीजों को ऑपरेशन स्थल लाने-ले-जाने के लिए दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि प्रत्येक केस 200 रुपए के मान से लगभग 80-90 हजार रुपए गलत ढंग से भुगतान किया गया है, जबकि उक्त नेत्र सहायक के द्वारा किसी भी मरीज को परिवहन राशि खर्च कर ऑपरेशन स्थल पर लाया ही नहीं गया था, ओ.टी. रजिस्टर से मरीजों का नाम देखकर लिस्ट बनाकर परिवहन राशि का गलत ढंग से दुरुपयोग किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जगदलपुर जिला बस्तर (छ0ग0)

पृ.क्रमांक/ मु.चि.अ./स्था./2025/11145-6 जगदलपुर, दिनांक 06/11/2025

प्रतिलिपि :-
1. राज्य कार्यक्रम अधिकारी (NPCB&VI) संचा. स्वा. सेवायें छ0ग0 रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. संभागीय संयुक्त संचालक स्वा.सेवायें बस्तर संभाग, जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।
5. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, रा0स्वा0मिशन बस्तर की ओर सूचनार्थ।





सीएमएचओ ने इन चश्मों के वितरण से संबंधित हितग्राहियों की सूची मोबाइल नंबर सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा मार्च 2025 में खरीदे गए काले चश्मों का पूरा विवरण और लाभार्थियों की सूची भी मांगी गई थी। मामले में आरोप है कि मार्च 2025 में कुल 4,500 काले चश्मों की खरीदी का टेंडर जारी किया गया था, जबकि कर्मचारियों के अनुसार अब तक केवल

### उठ रहे हैं ये बड़े सवाल

- 10,200 प्रेसबायोपिक चश्मों का वितरण किन हितग्राहियों को किया गया?
- 4,500 काले चश्मों की खरीदी के मुकाबले कितने चश्मों की वास्तविक आपूर्ति हुई?
- यदि केवल 1,200 चश्मे सप्लाई हुए, तो 4,500 का भुगतान कैसे हुआ
- लगभग 700 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 4,500 काले चश्मों की जरूरत क्यों पड़ी?
- सीएमएचओ द्वारा मांगी गई जानकारी अब तक उपलब्ध क्यों नहीं कराई गई?
- क्या मामले में विभागीय जांच और कार्रवाई होगी?

लगभग 1,200 चश्मों की ही आपूर्ति हुई है। इसके बावजूद 4,500 चश्मों के बिल का भुगतान किए जाने की चर्चा कर्मचारियों के बीच है। वहीं दूसरी ओर, खरीदी के बाद से अब तक लगभग 700 मोतियाबिंद ऑपरेशन ही हुए हैं। ऐसे में 4,500 काले चश्मों की आवश्यकता और वितरण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप यह भी है कि पर्याप्त मात्रा में चश्मे उपलब्ध होने के बावजूद संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा पुनः अतिरिक्त काले चश्मों की मांग की गई। इस पूरे मामले में सीएमएचओ बस्तर ने संबंधित अधिकारी से विस्तृत जानकारी और दस्तावेज मांगे थे, लेकिन अब तक संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। जब इस संबंध में सीएमएचओ बस्तर से पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मौखिक रूप से बताया कि मांगी गई जानकारी अब तक प्राप्त नहीं हुई है। सीएमएचओ के इस बयान के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि विभागीय पत्राचार के बावजूद जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, तो क्या मामले में जांच और कार्रवाई आगे बढ़ पाएगी? साथ ही यह भी प्रश्न उठ रहा है कि जवाब नहीं मिलने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाएंगे।

सूत्रों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होने पर चश्मा खरीदी और वितरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की निगाहें संबंधित जानकारी और दस्तावेजों के इंतजार पर टिकी हुई हैं।

### धान खरीदी केंद्रों में सुखती को लेकार लैम्पस अध्यक्ष एंव प्रभारी मिले वन मंत्री से

**कांकेर, 17 जून ।** जिले के कोयलीबेड़ा ब्लॉक के पंखाजूर क्षेत्र में धान खरीदी समाप्त होने के बाद खरीदी केंद्रों में आई भारी मात्रा में सुखती को लेकर लैम्पस अध्यक्षों और खरीदी प्रभारियों की चिंता बढ़ गई है। खाद्य विभाग और जिला पंजीयक कार्यालय द्वारा सुखती की भरपाई के लिए लैम्पसों एवं केंद्र प्रभारियों पर दबाव बनाए जाने के विरोध में क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक विक्रमदेव उसेंडी के नेतृत्व में प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से रायपुर में मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। प्रतिनिधिमंडल में पखांजूर लैम्पस अध्यक्ष रज्जूराम उसेंडी, पी.व्ही.-26 लैम्पस अध्यक्ष दिलीप मिस्त्री, विभिन्न खरीदी केंद्रों के प्रभारी तथा भाजपा संगठन के पदाधिकारी शामिल थे। मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष धान परिवहन के बाद पखांजूर लैम्पस के सात खरीदी केंद्रों में 3218 क्विंटल, पी.व्ही.-26 लैम्पस में 949 क्विंटल, कापसी के सात खरीदी केंद्रों में लगभग 3000 क्विंटल तथा बड़गांव लैम्पस के दो खरीदी केंद्रों में 2480 क्विंटल सुखती दर्ज की गई है।

## एक नजर

### डाक विभाग ने दिया लेप्स बीमा पॉलिसियों को पुनर्जीवित कराने का सुनहरा अवसर

**रायगढ़, 17 जून (तछसं.)।** भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के उन पॉलिसीधारकों को बड़ी राहत प्रदान की गई है, जिनकी पॉलिसियां किसी कारणवश लेप्स (निष्क्रिय) हो गई हैं। विभाग ने ऐसे ग्राहकों को अपनी पॉलिसियों को पुनः सक्रिय (रिवाइवल) अधीक्षक डाक, रायगढ़ संभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार डाक जीवन बीमा अधिनियम-2011 के नियमों के तहत लेप्स पॉलिसियों को पुनर्जीवित करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए पॉलिसीधारकों को अपने अच्छे स्वास्थ्य का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। विभाग ने सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम डाकघर में संपर्क कर शीघ्र अपनी निष्क्रिय पॉलिसियों को पुनर्जीवित कराएं और बीमा सुरक्षा का लाभ निरंतर प्राप्त करते रहें। डाक विभाग ने बताया कि डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाएं भारत सरकार की विश्वसनीयता और सुरक्षा की गारंटी के साथ संचालित होती हैं। इन योजनाओं में अन्य बीमा कंपनियों की तुलना में कम प्रीमियम, अधिक बोनस तथा आयकर छूट, ऋण सुविधा, नामांकन और सरेंडर जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विभाग द्वारा डिजिटल भुगतान को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। पॉलिसीधारक अपने प्रीमियम का भुगतान यूपीआई, क्यूकोड, पेटीएम, फोनपे, गुगल पे, भीमयूपीआई, बैंक खातों तथा डाकघर खातों के माध्यम से आसानी से कर सकते हैं। इसके अलावा देश के किसी भी डाकघर में प्रीमियम जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

### योग दिवस आयोजन को लेकर विभागवार जिम्मेदारी तय

**रायगढ़, 17 जून (तछसं.)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल और समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।छत्तीसगढ़ योग आयोग के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन तथा आम नागरिक शामिल होंगे। जारी आदेश के अनुसार नगर निगम को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। आयुष विभाग को योग प्रोटोकॉल के अनुरूप कार्यक्रम संचालन, प्रशिक्षकों की व्यवस्था तथा योगाभ्यास से संबंधित समस्त गतिविधियों का दायित्व सौंपा गया है। समाज कल्याण विभाग दिव्यांगजनों, उभयलिंगी व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करेगा। लोक निर्माण विभाग को मंच, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विद्युत एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था भी संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पेयजल उपलब्ध कराएगा, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी एवं बाल आश्रम के बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करेगा। शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग को विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग अतिथियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करेगा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कार्यक्रम के संचालन में सहयोग देंगे।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सिंदूर पार्क में फोटो प्रदर्शनी 21 जून तक



**रायगढ़, 17 जून (तछसं.)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रायगढ़ के सिंदूर पार्क में 17 से 21 जून तक भव्य फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी। इसके माध्यम से केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों को चित्रों, ग्राफिक्स, तथ्यों एवं सफलता की कहानियों के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा।प्रदर्शनी का शुभारंभ 17 जून को राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, श्री अरुण धर दीवान, श्री गुरूपाल भल्ला, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री विवेक रंजन सिन्हा, श्री विकास केडिया, श्री मुकेश जैन, श्री जतिन साव, श्री अंशु टुटेजा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में होगा। वहीं प्रदर्शनी का समापन 21 जून को किया जाएगा। प्रदर्शनी की तैयारियां अंतिम चरण में है।प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके माध्यम से नागरिकों को यह जानने का अवसर मिलेगा कि बीते वर्षों में संचालित योजनाओं ने समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में किस प्रकार परिवर्तन लाने का कार्य किया है। प्रदर्शनी में वित्तीय समावेशन, आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, डिजिटल सेवाओं के विस्तार और आधारभूत संरचना विकास से जुड़े कार्यों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं से जुड़ते करोड़ों नागरिकों, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को उपलब्ध कराए गए आवासों, स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में आए व्यापक बदलावों, आयुष्मान भारत योजना से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को मिल रही ।

### विधायक रोहित साहू ने स्कूल प्रांगण में टीन शेड का किया लोकार्पण

# कन्या हाईस्कूल शाला प्रवेशोत्सव में छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 17 जून।** नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि के कर-कमलों द्वारा किया गया, जिससे अब छात्राओं को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती देवकी साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुश्री छाया राही एवं वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती जानकी पटेल विशेष रूप से शामिल हुईं। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर विद्यालय की नई और पुरानी छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों ने छात्राओं को तिलक लगाया, फूलमाला पहनाया,मिठाई खिलाई और उन्हें



निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में छात्राओं के मन में अलग ही उत्साह देखने को मिला।

**शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम : विधायक रोहित साहू**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही एक सशक्त समाज की नींव है। आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। शासकीय कन्या शाला में छात्राओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। नवनिर्मित टीन शेड से छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में बड़ी सहूलियत होगी। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा के साथ बच्चों के भविष्य को संवारें और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के बच्चों तक पहुंचाएं। हमारी सरकार बेटियों की शिक्षा और उनके स्वावलंबन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार की दूरगामी सोच और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प का ही परिणाम है कि आज सुदूर अंचलों तक बेटियों के लिए उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण, निःशुल्क पुस्तकें और छात्रवृत्ति जैसी योजनाएं छात्राओं के हौसलों को नई उड़ान दे रही हैं। मैं सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। *नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव* ने कहा कि नगर के इस कन्या विद्यालय का विकास हमारी प्राथमिकता है। शाला प्रवेशोत्सव एक उत्सव की तरह है जो बच्चों में नई ऊर्जा भरता है। शिक्षा किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर चरित्र निर्माण का माध्यम है। हम सब मिलकर स्कूल की हर बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। बेटियां आगे बढ़ेंगी तभी हमारा नगर और देश प्रगति करेगा। अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के श्रीमती देवकी साहू ने कहा कि एक शिक्षालय को सुचारू रूप से चलाने में शिक्षक, पालक और प्रबंधन समिति का त्रिवेणी संगम होना जरूरी है। शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से हमारा हमेशा यह प्रयास रहता है कि छात्राओं को पढ़ाई के लिए सुरक्षित और सकारात्मक माहौल मिले। पालकों से मेरा अनुरोध है कि वे अपनी बेटियों की पढ़ाई की नियमित रूप से निगरानी करें और उन्हें नियमित स्कूल भेजें। नगरपालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि स्कूल की शिक्षा पूरी करने के बाद आप सभी को कॉलेज की दहलीज पर कदम रखना है। स्कूली जीवन आपकी नींव को मजबूत करता है। आज के समय में बेटियां हर क्षेत्र में, चाहे वह खेल हो, विज्ञान हो या राजनीति, पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। आप खुद को कभी कमजोर न समझें। अपनी प्रतिभा को पहचानें और उच्च शिक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़ें।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय के अध्यक्ष सुश्री छाया राही का और वार्ड नंबर 3 की पार्षद श्रीमती जानकी पटेल तथा अन्य अतिथियों ने भी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगरपालिका के पार्षदगण तुषार कदम,आकाश राजपूत, टंकू सोनकर,अजय पटेल,भारत यादव, बीआरसीसी,शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनभागीदारी समिति के सदस्य, नवप्रवेशी छात्राएं और भारी संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

## तमनार में 52 बोरी डीएपी खाद सहित वाहन किया गया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 जून।** खरीफ सीजन 2026 के दौरान किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त निगरानी बनाए हुए है। कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में उर्वरक विक्रेताओं एवं परिवहन गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी का परिणाम है कि खरीफ सीजन प्रारंभ होने से अब तक जिले में उर्वरक जब्ती के 4 प्रकरण तथा विक्रय प्रतिबंध के 20 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

विकासखंड तमनार में कृषि विभाग ने अवैध उर्वरक व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सक्ती जिले के बाराद्वार



से तमनार के भालूमुड़ा तक परिवहन किए जा रहे 52 बैग डीएपी उर्वरक को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान वाहन क्रमांक सीजी-11-एबी-3152 को भी कब्जे में लिया गया। जब्त वाहन को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए थाना तमनार में रखा गया है, जबकि जब्त उर्वरक को सेवा सहकारी समिति तमनार में सुरक्षित रखा गया है।

प्रथम दृष्टया अन्य जिले से सीधे कृषक के पास उर्वरक का भंडारण किया जाना उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 का उल्लंघन प्रतीत होता है। साथ ही जब्त डीएपी खाद की गुणवत्ता को लेकर भी संदेह व्यक्त किया गया है। विभाग द्वारा खाद के नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं, ताकि इसकी गुणवत्ता एवं प्रामाणिकता की जांच की जा सके। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग की जांच के दौरान प्रतीक कृषि सेवा केंद्र, झींकाबहाल (तमनार) में भौतिक स्कंध और पीओएस स्कंध में दर्ज स्टॉक के बीच अंतर पाया गया। अनियमितता सामने आने पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से केंद्र के उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को निर्धारित दर पर सही गुणवत्ता की खाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार निरीक्षण और कार्रवाई जारी रहेगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक केवल पंजीकृत विक्रेताओं से ही खरीदें तथा खरीदारी के समय बिल अवश्य प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल अपने नजदीकी कृषि कार्यालय को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## सोशल फोरम ऑफ ह्यूमन राइट्स का आठवां स्थापना दिवस मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,17 जून।** सोशल फोरम ऑफ ह्यूमन राईट से सफलतम आठ वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वर्चुअल बैठक का सफलतम आयोजन किया गया जिसमें देश भर के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए बैठक का संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष खेम सिंह चौहान ने किया सभी उपस्थित महानुभावों को शुभ संध्या एवं धन्यवाद देते हुए कहा आप लोगों के अथक प्रयास से आज इस मौके पर आठ राज्यों के पदाधिकारी सम्मिलित हैं आठ वर्षों से फोरम को जिन ऊंचाइयों तक पहुंचाया है वह आप लोगों की निस्वार्थ सेवा एवं मेहनत का फल है।पिछले आठ वर्षों के दौरान हमने सामाजिक जागरूकता से संबंधित अपने विभिन्न परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आप सभी इससे भली-भांति परिचित हैं। इन कार्यक्रमों में अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर देश के जाने-माने लीगल एक्सपर्ट एवं एनजीओ के सहयोग से जानकारी साझा की जिसमें प्रमुख रूप से बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकार तथा समाज की जिम्मेदारियाँ।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर लीगल सेल बनाया गया है जिसमें संस्था के सभी एडवोकेट मेंबर होंगे और एक चेयर पर्सन और सचिव होंगेउन्होंने सभी प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया की प्रति माह में एक मीटिंग आयोजित कर उसकी रिपोर्ट भेजें.महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश का क्षेत्र काफी बड़ा होने के कारण दो भाग में बांटा जाएगा जिस की संचालन सुचारू रूप से हो सके। इसी तरह विगत वर्षों में संस्था द्वारा किए गए सारे कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की सेक्रेटरी रिपोर्ट राष्ट्रीय महामंत्री एम वहीद सिद्दीकी द्वारा प्रस्तुत किया गया उन्होंने बताया। हमारी नियमित जी.बी.एम. (जनरल बॉडी मीटिंग) प्रत्येक वर्ष 14 जून को एस.एफ.एच.आर. के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित की जाती है। इसी प्रकार जी.सी.एम. (गवर्निंग काउंसिल मीटिंग) प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नियमित रूप से आयोजित की जाती है।यदि हमारी समग्र प्रगति का मूल्यांकन किया जाए तो, ईश्वर की कृपा से हमारा कार्य सुचारु एवं बेहतर ढंग से आगे बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के खातों का ऑडिट पूर्ण हो चुका है तथा वर्ष 2025-26 के ऑडिट की प्रक्रिया जारी है। ये सभी रिपोर्टें नवंबर 2026 में आयोजित होने वाली जी.सी.एम. में प्रस्तुत की जाएंगी। यह कार्य महाराष्ट्र के अध्यक्ष श्री नितिन अग्रवाल जी के मार्गदर्शन और सहयोग से सम्पन्न किया जा रहा है। पिछले वर्ष हमारा संस्थान भारत सरकार के हलह छ्रह्म पोर्टल पर पंजीकृत हुआ, जिसके माध्यम से सरकार और गैर-सरकारी संगठनों के बीच डिजिटल समन्वय स्थापित हुआ है।राष्ट्रीय ट्रेजरर शेखर शेल्के जी ने साल भर का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया एवं मेंबरशिप को बढ़ाने के बारे में बात की और बताया कि हमने आयकर अधिनियम की धारा 12 और 80त्न के अंतर्गत मान्यता प्राप्त करने हेतु अपनी सभी गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट को प्रस्तुत कर दी है। हमें आशा है कि शीघ्र ही इसकी स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी। यह प्रक्रिया भी महाराष्ट्र के अध्यक्ष श्री नितिन अग्रवाल जी के सहयोग से जारी है। दिल्ली के अध्यक्ष रविंद्र तोमर जी महाराष्ट्र अध्यक्ष नितिन अग्रवाल जी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गणपत चौहान जी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष राजकुमार चौहान जी उड़ीसा के अध्यक्ष रमेश मिश्रा जी राजस्थान के अध्यक्ष गणेश शर्मा जीउत्तर प्रदेश के सचिव अमित पांडे जी छत्तीसगढ़ के सचिव तनवीर अहमद जी उत्तर प्रदेश के राम अवतार शर्मा जी बुधराम अग्रवाल जी भीमराव शेगांवकर जी मैं भी अपने विचार व्यक्त किया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए महाराष्ट्र सचिव सफदर सिद्दीकी जी ने बताया कि उन्होंने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सुविधा के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाने के लिए रेल मंत्री एवं महाराष्ट्र के मंत्री को पत्र लिखा है. उन्होंने गाजियाबाद में ब्लड डोनेट कैंप लगाने के लिए उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार चौहान जी को धन्यवाद दिया।

## नए शिक्षा सत्र का उत्साहपूर्ण आगाज जिले भर में खुले स्कूलों के द्वार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 जून।** जिले में आज नए शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ शाला प्रवेश उत्सव के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। अवकाश के बाद जैसे ही विद्यालयों के द्वार खुले, बच्चों की चहल-पहल और किलकारियों से स्कूल परिसर गुलजार हो उठे। जिले के शासकीय विद्यालयों में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्पमाला पहनाकर, तिलक एवं गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पहले ही दिन बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनत्व और उत्साह का वातावरण दिखाई दिया।

शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों, पालकों, शाला विकास समितियों के सदस्यों तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। कई विद्यालयों में स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणादायी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया, जिससे वे नए सत्र की पढ़ाई प्रारंभ कर सकें। बच्चों के चेहरों पर नए सत्र, नई किताबों और नए सपनों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालयों में शिक्षकों ने विद्यार्थियों से परिचयात्मक संवाद कर उन्हें सहज और प्रेरक वातावरण उपलब्ध कराया।

गौरतलब है कि 27 जून तक चलने वाले शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से जिले में प्रवेश योग्य प्रत्येक बच्चे का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने, विद्यालय से दूर बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। प्रथम दिवस पर विद्यालयों में विद्यार्थियों की उत्साहजनक उपस्थिति दर्ज की गई। जिला प्रशासन ने पालकों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे प्रत्येक बच्चे की नियमित शिक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें, ताकि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे और शाला प्रवेश उत्सव जनभागीदारी का प्रभावी अभियान बन सके।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए 26 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़, 17 जून।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र बंगलाडीपा सराईपाली वार्ड क्रमांक 43, नगर पालिक निगम रायगढ़ में आँगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद पर भर्ती प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों का प्रारंभिक मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। मूल्यांकन समिति की बैठक में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर प्रावधिक (अनंतिम) मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया।

## जल जीवन मिशन योजना से गुड़गहन में घर-घर पहुंचा स्वच्छ पेयजल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 जून।** विकासखंड पुसौर के ग्राम पंचायत दर्रामुड़ा अंतर्गत ग्राम गुडगहन आज जल जीवन मिशन की सफलता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। 196 परिवारों और 718 की आबादी वाले इस गांव में हर घर नल से जल योजना ने ग्रामीणों के जीवन में ऐसा परिवर्तन लाया है, जिसने गांव की पहचान ही बदल दी है। अब हर घर में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होने से ग्रामीणों को राहत मिली है तथा स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

कुछ वर्ष पूर्व तक ग्राम गुडगहन में पेयजल की स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी। सीमित जल स्रोतों और गर्मी के दिनों में घटते जलस्तर के कारण ग्रामीणों को पानी की व्यवस्था के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ती थी। सुबह से शुरू होने वाला पानी भरने का काम दिनभर चलता रहता था। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ता था। कई बार बच्चों को भी पानी लाने में सहयोग करना पड़ता था, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती थी और विद्यालय में नियमित उपस्थिति भी बाधित होती थी।

### एक दिवसीय नगर प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष

# डॉ रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का किया अनावरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 17 जून।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आज एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर में छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव,छत्तीसगढ़ राज्य सहकरी बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी चौक में नवनिर्मित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा - अर्चना कर नमन किया। इसके पश्चात भाटापारा स्थित शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे परिसर में शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने देश के लिये सर्वोच्च



बलिदान देने वाले वीर सपूत फ्लाइट लेफ्टिनेंट शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोन्डे जिन्होंने 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए थे,उन्हें पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परिसर पर स्थापित शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा आने वाले पीढी के युवाओं के लिये प्रेरणा बनेगी।उन्होंने इस अवसर पर शहीद के परिजनों से आत्मीय भेंट किया।

वही महाविद्यालय परिसर मे 8 करोड़ की लागत से बने आडिटोरियम का लोकार्पण सहित शहर के फिल्टर प्लांट मे बनने वाले व्यावसायिक परिसर,चौपाटी सहित अन्य विकास कार्य 4.50 करोड़ का भूमि पूजन किया इस अवसर पर नवीन आडिटोरियम मे आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह ने कहा आज देश विकास की ओर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकास की पथ पर निरन्तर आगे बढ रहा है आज भारत भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 4थी अर्थव्यवस्था बन गई है ,आज प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र मे सडके बनायी गई है वहीं छ.ग. के किसान कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे जिसे भाजपा सरकार जिसे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 16 प्रतिशत ब्याज दर को 0 प्रतिशत ब्याज किया गया वहीं डा.रमन सिंह ने इस बात की खुशी जाहिर की कि 2016 मे मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल मे शुरू हुए आडिटोरियम का काम आज पूरा हुआ और इसका लोकार्पण किया गया क्योंकि संकल्प कभी अधूरा नही रहता अच्छा काम अच्छे के लिए होता है उन्होंने आगे कहा कि विकास व देश की बात करें तो भाजपा ही देश हित और विकास के बारे मे सोचती और करती है आज पूरे छत्तीसगढ़ के कोने कोने मे चमचमाती सडके सहित अन्य विकास कार्य भाजपा सरकार की देन है। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक शिवरतन ने संबोधित करते हुए कहा भाटापारा का विकास काम डा. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल मे बहुत ही तेजी से हुआ शर्मा ने कहा 30 जनवरी 1976 को शुरू हुए शाखा नहर का काम 5 साल मे पूरा किया जाना था लेकिन शाखा नहर का काम अधूरा पडा रहा जिसके लिए काफी संघर्ष किया और डा. रमन सिंह ने इसके लिए स्वीकृति प्रदान की और शाखा नहर मे पानी आया और किसानो को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया ऐसे कई काम डा. साहब ने यहां के विकास के लिए करवाये हैं। वहीं शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन मे कहा भाटापारा जिले की मांग को लेकर प्रतिनिधि मण्डल जाते हैं, उन्हे डा . रमन सिंह को उनके द्वारा कराये गये विकास कार्यो के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित करना चाहिए ,शर्मा ने जिला की बात करने वालो को कहा कि भाटापारा जिला भाजपा के कार्यकाल मे बनेगा । न.पा.अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि आप सभी जनता के आशीर्वाद से यहां पहुंचा हूं भाजपा पर आपने जो विश्वास दिखाया है उसी के चलते काम कर रहा हूं। इसके अलावा उच्च शिक्षामंत्री टंकराम वर्मा,अनुराग सिंह देव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष योगेश अनंत, न.पा.उपाध्यक्ष दिलीप छाबडिया, कलेक्टर कुलदीप शर्मा,पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, के अलावा बडी संख्या मे लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल ने किया ।

## एक नजर

### नैनो उर्वरकों के उपयोग से किसान मनहरण को मिल रहा बेहतर उत्पादन और अधिक लाभ

**बलौदाबाजार 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम डमरू (खैन्दा) निवासी किसान श्री मनहरण अपनी आधा एकड़




कृषि भूमि में खेती का कार्य करते हैं। सीमित भूमि होने के बावजूद उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाया है। श्री मनहरण ने पिछले वर्षों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग कर फसलों में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। नैनो उर्वरकों के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए वे इस वर्ष भी अपनी खेती में इनका उपयोग कर रहे हैं। किसान मनहरण का कहना है कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में कम लागत आती है तथा फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्रभावी रूप से प्राप्त होते हैं। इससे उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ अधिक मुनाफा भी मिलता है। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों की मात्रा कम होने के कारण इन्हें खेत तक ले जाने और उपयोग करने में भी सुविधा होती है। इसके अलावा रासायनिक उर्वरकों की अपेक्षा इनका उपयोग पर्यावरण और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहतर है। श्री मनहरण ने अन्य किसानों से भी वैज्ञानिक पद्धति एवं नैनो उर्वरकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभदायक बनाने की अपील की है।

### नि:शुल्क योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 जून तक

**बलौदाबाजार 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुष विभाग द्वारा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) द्वारा विकासखंडों के चिन्हित ग्रामों में 17 जून से 21 जून 2026 तक पांच दिवसीय नि:शुल्क योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित की जायेगी। योग शिविर चिचोली (गातापार),किरवई (दामाखेड़ा), कसडोल, टुण्डरा, झीपन, गाड़ाभाठा (पलारी), ओड़ान (पलारी), लाटा (लवन), शास.पर्वू मा. मोहरा, निपनिया, रिकोकला एवं डमरू में शिविर का आयोजन किया जायेगा।शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आमजन को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करनाहै। वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय योगदिवस की थीम ष्स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगष् के अनुरूप आयोजित इन शिविरों में विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन एवं वैज्ञानिक जीवन पद्धति है, जो शरीर, मन एवं आत्मा के संतुलित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### पुलिस ने खेत से तीन किलो से ज्यादा गांजा जब्त कर युवक को किया गिरफ्तार

**डोंगरगढ़ 17 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगढ़ पुलिस को लगभग 4 किलो मादक गांजा पदार्थ के साथ आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल अपने थाना स्टॉफ के साथ अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन करने वालों पर लगातार निगरानी रखकर कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में 15 जून सोमवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भानपुरी स्थित आरोपी रमा शंकर वर्मा के खेत में बने कमरे में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर तलाशी कार्यवाही की गई। तलाशी के दौरान आरोपी रमा शंकर वर्मा के कब्जे से कुल 3.837 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार आंकी गई है, बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 339/2026, धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# शाला प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 17 जून।** स्थानीय बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में कक्षा नवमी से 12वीं के समस्त विद्यार्थियों व नव प्रवेशी विद्यार्थियों का शाला में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम मां सरस्वती, भारत माता ,छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल तिल्दा इकाई की अध्यक्ष श्रीमती नीलम अग्रवाल, अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा विशेष अतिथि श्रीमती मीना अग्रवाल, पार्षद रानी सौरभ जैन, मंजू अग्रवाल ,पुष्पा अग्रवाल ,संजूकथा सिंघानिया, ममता रायखेड़ा ,गणेश शर्मा डॉक्टर लक्ष्मण साहू ,आनंद शर्मा ,दिलहरण निषाद और सौरभ जैन रहे ।अतिथियों



और विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में सर्वप्रथम समस्त विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, दीप प्रार्थना ,सरस्वती वंदना, गुरु वंदना कर शुभारंभ किया ।इस अवसर पर समस्त अतिथियों ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को चंदन का टीका लगाकर पाठ्य पुस्तक ,नोटबुक और पेन प्रदान करते हुए मुंह मीठा कराकर स्वागत किया ।कक्षा दसवीं के भी विद्यार्थियों को गुलाल व चंदन का टीका लगाकर मुंह मीठा कराते हुए पुस्तक ,कॉपी और पेन देकर स्वागत किया गया ।कक्षा ग्यारहवीं के भी नव प्रवेशी विद्यार्थियों व 12वीं के विद्यार्थियों को दो-दो नोटबुक देकर पेन के साथ मुंह मीठा कराते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल की तिल्दा इकाई द्वारा विद्यालय को वॉटर प्यूरीफायर के साथ वाटर कूलर प्रदान किया गया। उनके इस पुनीत कार्य की सराहना शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा जी व समस्त सदस्यों ने करते हुए उन सभी का शॉल पहनाकर स्वागत किया ।इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्षता श्रीमती नीलम अग्रवाल ने बच्चों से निवेदन किया कि आप सभी अप्रवेशी और शाला त्यागी बच्चों को विद्यालय की मुख्य धारा से जोड़े क्योंकि शिक्षा ही देश की नीव है ।आप सभी विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर सभी बच्चों को विद्यालय लाकर देश के अच्छे नागरिक बनाने का पुनीत कार्य करें ।इस अवसर पर स्थानीय नगर पालिका की जनप्रतिनिधि श्रीमती रानी सौरभ जैन ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी भारत के भविष्य हैं ।आप सभी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर देश के नवनिर्माण व विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करें। यह नया शैक्षणिक सत्र आप सभी के जीवन में सफलता ,आत्मविश्वास लाकर अपने लक्ष्य को पूरा करें ।इस अवसर पर शाला समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा जी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का जरिया नहीं है बल्कि यह आप सभी विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार ,व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नीव है ।आप अपने परिश्रम , सकारात्मक सोच और समर्पण से अपने लक्ष्य को पाकर परिवार ,समाज ,प्रदेश व देश का नाम रोशन करें । समिति के सदस्य सौरभ जैन ने माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया। डॉक्टर लक्ष्मण साहू ,गणेश शर्मा , दिलहरण निषाद और आनंद शर्मा ने भी विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों का पेन व गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के व्याख्याता नरेंद्र रात्रा ने किया ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं चुरामन निषाद, सुरेश टंडन ,भगवान सिंह नेताम, किरण साहू ,अल्का मिश्रा ,सविता वर्मा कुसुम नाग ,ती खाखा , खुशबू रामटेके , खिलेश्वरी , मुकेश ने उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को टीका लगाकर पेन देकर स्वागत किया 7कार्यक्रम में निलेश कटारिया, मुकेश सेन, लोकेश नायक ,देव आशीष वर्मा वनिधि शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा 7कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# अंकित शर्मा के विरुद्ध एफआईआर की मांग को लेकर रायपुर जिला एनएसयूआई पहुंची सरस्वती नगर थाना



**रायपुर 16 जून।** जिला एनएसयूआई जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के निर्देशानुसार जिला सचिव सुमित शुक्ला के नेतृत्व में सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध कथित रूप से घृणा एवं पार्टी की छवि धूमिल वाली वीडियो इंस्टाग्राम डाले जाने के विरोध में आज सरस्वती नगर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई।

एनएसयूआई पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इंस्टाग्राम इंफ्लूएंसर अंकित शर्मा द्वारा लगातार ऐसे वीडियो एवं पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल करना एवं समाज में नफरत का माहौल निर्मित करना है। संगठन ने इस प्रकार की गतिविधियों को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक सौहार्द के लिए हानिकारक बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

सुमित शुक्ला ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग किसी भी राजनीतिक दल या विचारधारा के विरुद्ध घृणा फैलाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर समाज में कांग्रेस पार्टी के लिए घृणा फैलाने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होना आवश्यक है। रायपुर जिला एनएसयूआई ने आमानाका थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। संगठन ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी व्यक्ति को समाज में नफरत फैलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस दौरान,दिव्यांश श्रीवास्तव, अनुज सिंह,सुमित शुक्ला,कृष सहारे, सृजन साहू, पुष्पेंद्र जायसवाल एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई की मांग हुई पूरी, बी.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर की बिजनेस स्टैटिस्टिक्स परीक्षा की तिथि बढ़ी

बी.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर की बिजनेस स्टैटिस्टिक्स विषय की परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग को लेकर रायपुर जिला एनएसयूआई द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। विद्यार्थियों के हित में विश्वविद्यालय प्रशासन ने एनएसयूआई की मांग स्वीकार करते हुए परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि रायपुर जिला एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के निर्देशानुसार जिला सचिव अनुज प्रताप सिंह के नेतृत्व में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर 18 जून 2026 को प्रस्तावित बिजनेस स्टैटिस्टिक्स विषय की परीक्षा को स्थगित करने की मांग की गई थी। ज्ञापन में बताया गया था कि 17 जून 2026 को इंटरनेशनल मार्केटिंग/फाइनेंशियल मार्केट ऑपरेशंस तथा 18 जून 2026 को बिजनेस स्टैटिस्टिक्स विषय की परीक्षा निर्धारित होने से विद्यार्थियों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा था। लगातार दो दिनों में महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षा होने से छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ने और परीक्षा परिणाम प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी।

इस संबंध में जिला सचिव अनुज प्रताप सिंह ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों और अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रहित में लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है और इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उठाई गई मांग पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सकारात्मक निर्णय लिया है, जिसके लिए एनएसयूआई विद्यार्थियों की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिव्यांश श्रीवास्तव, अनुज सिंह, सुमित शुक्ला, कृष सहारे, सृजन साहू, पुष्पेंद जायसवाल सहित हस्द्ध के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# थाना गिधौरी पुलिस ने बिच्छू दंश के शिकार बुजुर्ग की बचाई जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 16 जून ।** समाज में पुलिस की छवि को और अधिक मानवीय और सेवाभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उदाहरण पेश करते हुए, थाना गिधौरी क्षेत्र में तैनात डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बुजुर्ग की जान बचाई। ?आज दिनांक 15-16 जून 2026 की मध्यरात्रि लगभग 12:30 बजे, डायल 112 को क्षेत्र में एक आपातकालीन कॉल प्राप्त हुई। कॉल पर जानकारी दी गई कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को बिच्छू ने काट लिया है और उन्हें तत्काल चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता है।

त्वरित प्रतिक्रिया और बचावः- ?डायल 112 वाहन, जिसमें उस समय ड्यूटी पर आरक्षक कमलेश बर्मन थाना गिधौरी एवं चालक रूपेश साहू तैनात थे, इन्हें जैसे ही इवेंट की सूचना मिली, वे बिना किसी देरी के घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। घटनास्थल पर पहुँचकर आरक्षक कमलेश बर्मन ने कॉलर से बात की और स्थिति की गंभीरता को समझा। बिच्छू दंश के शिकार बुजुर्ग की पहचान भुनेश्वर सांडे, उम्र 80 वर्ष के रूप में हुई। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, टीम ने उन्हें तुरंत डायल 112 वाहन में बिठाया। रात के सन्नाटे और आपातकालीन परिस्थिति में, पुलिस टीम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बरपाली पहुंचाया।



अस्पताल में भर्ती और उपचारः- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली पहुँचकर, पुलिस टीम ने बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया। समय पर अस्पताल पहुँचने और त्वरित उपचार मिलने के कारण बुजुर्ग की हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

थाना गिधौरी क्षेत्र में तैनात डायल 112 टीम की यह त्वरित कार्रवाई, विशेषकर आरक्षक कमलेश बर्मन एवं चालक रूपेश साहू की तत्परता और संवेदनशीलता, यह साबित करती है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि आम जनमानस की सुरक्षा और सहायता के लिए भी सदैव तत्पर है। उनकी इस सेवा भावना की क्षेत्र के नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नगर प्रवास के दौरान करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार -भाटापारा,16 जून।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को एक दिवसीय भाटापारा प्रवास के दौरान करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में लगभग 8 करोड़ की लागत से निर्मित ऑडिटोरियम का लोकार्पण एवं 4 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्ष में देश ने विकास की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में अधोसंरचना के साथ ही आर्थिक व सामजिक क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों के जीवन में परिवर्तन की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल के दौरान हुई। उन्होनें किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड लागू किया। छत्तीसगढ़ में भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहकारी बैंकों से ऋण की सुविधा मिली जिससे किसान को भारी भरकम कर्ज की बोझ से मुक्ति मिली। उन्होनें कहा कि आज छत्तीसगढ़ में विकास बयार बह रही है। नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले बस्तर गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से नक्सल मुक्त होकर इतिहास रचा है।

डॉ. सिंह ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकास राष्ट्र बनाने में सभी की सहभागिता का आह्वान किया। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगे को लेकर हमारी सरकार आगे बढ़ रही है और डबल इंजन की सरकार विकास की दिशा में द्रुत गति से आगे बढ़ रही है। सभी लोगों का समग्र विकास हो रहा है, हमारी सरकार ने मोदी की सभी गारंटियों को पूरा किया है जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव एवं पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे के परिजनों सुपुत्री प्रिया खोण्डे, भाई प्रभाकर खोण्डे एवं बहनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बताया गया कि लगभग 8 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित आडिटोरियम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसकी क्षमता भू-तल एवं बालकनी सहित 540 सीटर है। मुख्य मंच के दोनों ओर चेंजिग रूम एवं ग्रीन रूम, बॉक्स रूम-3 नग, व्हीआईपी रूम-1 नग, महिला एवं पुरूष टायलेट पृथक-पृथक, एसी एवं साउण्ड सिस्टम लगाए गए है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य साहकरी बैंक के अध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा,पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव,जनपद अध्यक्ष सविता अनंत पूर्व विधायक डॉ.सनम जांगड़े, शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे के परिजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**राजनांदगांव 17 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं मांगे सुनी। जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। जनसामान्य अपनी अपेक्षाओं और विश्वास के साथ प्रशासन के पास पहुंचते हैं, इसलिए प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाए।


## शपथ पत्र

मैं श्रीमती विमला तोडेम पति समैया तोडेम उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम वरदली, तहसील भोपालपटनम, जिला - बीजापुर, (छ.ग.), शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि:-

मैं ग्राम - वरदली, तहसील - भोपालपटनम, जिला बीजापुर (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूँ।

मेरा पुराना नाम लक्ष्मी मोरला है और मैं अपना नाम बदलकर विमला तोडेम करवाना चाहती हूँ।

मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायलय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ ।

शपथकर्ता
विमला

सत्यापन

मैं श्रीमती विमला तोडेम पति समैया तोडेम उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम -वरदली, तहसील-भोपालपटनम, जिला - बीजापुर, (छ.ग.) सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंड़िका 01 से 05 की अर्न्तवस्तु मेरे व्यक्तिगत ज्ञान व विश्वाास में सत्य व सही है। आज दिनांक 16/06/2026 को स्थान बीजापुर में सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर की ।

शपथकर्ता
विमला

## शपथ पत्र

मैं भानु कश्यप पिता सम्पत कश्यप, उम्र 38 वर्ष, निवासी- ग्राम घोड़ागांव, तह. कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग., जो कि मेरे आधार कार्ड में अंकित है। एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ, तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं :-

मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।

मेरी पुत्री का पुराना नाम पुष्बा कश्यप है, आधार कार्ड 4697 1514 9848, में अंकित है, तथा जन्मतिथि 02/01/2016 अंकित है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम पुष्बा कश्यप (पुराना नाम) से बदल कर पुष्पा कश्यप (PUSHPA KASHYAP) (नया नाम) रख लिया है। मेरी पुत्री की सही जन्मतिथि 02/01/2016 है।

मेरी पुत्री के पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है, और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

मैं मेरी पुत्री के नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ, तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
भानु कश्यप

// सत्यापन //

मैं भानु कश्यप पिता सम्पत कश्यप, सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त कंडिका क्रमांक 01 से 05 तक के तथ्य मेरे स्वयं के जानकारी में सत्य एवं सही है। आज दिनांक 16/06/2026 को स्थान कोण्डागांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

शपथकर्ता
भानु कश्यप

## शपथ पत्र

कमलनारायण सेन उम्र 41 वर्ष पिता श्री कनक प्रसाद जाति - नाई
निवासी ग्राम सेमरा तह. बेलरगांव जिला धमतरी छ.ग.-शपथकर्ता

मैं शपथकर्ता कमलनारायण सेन नीचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ:-

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम अद्रेश सेन aadresh sen अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है एवं उनके जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची जाति. निवास प्रमाण पत्र में उनका नाम आदर्श कुमार सेन (ADARSH KUMAR SEN) अंकित है जो सही है।

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम त्रुटिपूर्ण अंकित होने से उन्हे शासकीय कार्यों व शैक्षणिक कार्यों में परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका सही नाम आदर्श कुमार सेन (ADARSH KUMAR SEN) अंकित करवाना चाहता हूँ।

मेरे द्वारा दी जा रही उपरोक्त जानकारी पूर्ण रूप से सत्य एवं सही है किसी प्रकार की असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका सही नाम आदर्श कुमार सेन (ADARSH KUMAR SEN) अंकित करने की पुष्टि एवं समर्थन में यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन करने हेतु दे रहा हूँ जो पूर्ण रूप से सही है।

शपथकर्ता
कमलनारायण सेन

**सत्यापनः-** मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 तक में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः की जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को नगरी में अपना हस्ताक्षर किया हूँ।

सत्यापनकर्ता
कमलनारायण सेन

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) रायपुर (छ.ग.)

Phone No. And Fax No.-0771-2426831 E-Mail- actd.raipur@nic.in

//निविदा सूचना//

छत्तीसगढ़ राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में लोक निर्माण निर्माण विभाग में पंजीकृत ''द'' श्रेणी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार प्रचलित एस.ओ.आर. के प्रतिशत दर पर (समस्त संशोधन सहित) निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

1 निविदा प्रारंभ की तिथि :-15.06.2026
2 आवेदन की अंतिम तिथि :-06.07.2026
3 विभाग द्वारा निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :-07.07.2026
4 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-09.07.2026 सायं 5.30 बजे
5 निविदा खोलने की तिथि :-10.07.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | कुल कार्यों की संख्या | कुल कार्यों की लागत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | आदिवासी संग्रहालय सेक्टर-24 नवा रायपुर अटल नगर मे महिला / पुरूष शौचालय, एयर कंडीशनर एवं आपातकालीन निकासी का निर्माण कार्य | 05 | 48.58 लाख |

(अड़तालिस लाख अंठावन हजार रूपये मात्र)

टीपः- निविदा की शर्ते एवं कार्यो से संबंधित समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायपुर

जी- 262701481/4


### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर में की पूजा-अर्चना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 17 जून।** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार प्रदेश भर में भाजपा ओबीसी मोर्चा पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिला अध्यक्ष दिलीप साहु द्वारा जिले के सभी मंडलों में ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी का गठन किया गया है । इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने डोंगरगढ़ में सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयो को बधाई देते हुए पार्टी हित में काम करके सरकार की रीति ट्ठ नीति को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही है । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मां बमलेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और नागरिकों का गमछा पहनकर श्रीफल भेंट किया गया देकर सम्मान किया है इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना महामंत्री विनय बंसल ,विनीत यादव , महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ,कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव , नपा सभापति डीकेश राव, अनीश निर्मलकर प्रदेश पि वर्ग मंत्री विरेन्द्र सोनी ,महामंत्री लामेश्वर साहु ,जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल वर्मा, ,कांति मौर्य , खोरबहारा सिन्हा -,मत्री निकेश व्यास ,चंद्रेश श्रीवास ,कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा ,मण्डल अध्यक्ष भीषम साहु, ग्रामीण अध्यक्ष दिनेश बैष्णव , शहर मण्डल अध्यक्ष चितरंजन साहु, ग्रामीण मण्डल शौलेष महोबिया, कमल निर्मलकर, अशोक साहू ,संध्या यादव, शहर मण्डल उपाध्यक्ष खुशाल चक्रवर्ती ,शहर मण्डल मंत्री राकेश देवागन , सहित अन्य उपस्थित थे।

# मानिकपुरी पनिका समाज ने किया डॉ.चरण दास महंत का स्वागत

**डोगरगढ 17 जून।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष परम डॉ0 चरणदास महंत के डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान सोमवार को नगर के मानिकपुरी पनिका समाज के लोगों के द्वारा हार्दिक अभिनंदन करते हुए आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल एवं कांग्रेस पार्टी के रामजी तराने सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे । इस अवसर पर डोंगरगढ मानिकपुरी पनिका समाज, युवा मानिकपुरी कबीर गुरुद्धारा समिति एवं अमीन माता महिला मंडल के द्वारा डॉ0 चरणदास महंत का माँ बम्लेश्वरी देवी के छोटी मंदिर प्रांगण में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया है । उक्त अवसर पर समाज के गोपालदास मानिकपुरी के द्वारा समाजिक चर्चा कर जानकारी



दी गई की सद्?गुरु कबीर गुरुद्वारा डोंगरगढ में हमारे दामाखेड़ा वंश गुरूगद्दी के कबीर पंथीयो के गुरू परम पुज्य उदितमुनीनाम साहेब जी के डोगरगढ आगमन के अवसर पर गुरुद्वारा मे विश्राम कर संतजनो को चरणबंदगी दिए तथा समाज एवं कबीर पंथियों के द्वारा आयोजित संत सम्मेलन कार्यकम पर अपनी खुशी जाहीर किए तथा गुरूद्वारा की देख रेख एवं पंथ का प्रचार करने का आशीर्वाद दिए । समाज के द्वारा डॉ0 चरणदास महंत को कबीर गुरुद्धारा (कबीर आश्रम) आने का निवेदन किया गया जिसे डॉ0 महंत साहब सहर्ष स्वीकार कर आने का आश्वासन दिए । इस अवसर पर समाज के श्री गोपालदास मानिकपुरी, लोचनदास मानिकपुरी, प्रताप दास महंत, दल्लूदास, अंकालूदास, त्रिभूवन दास, शरददास,भरतदास,मुनीन्द्र दास, तथा अमीन माता महिला मंडल के श्रीमती अन्नपूर्णा मानिकपुरी, गीता मानिकपुरी,कांती मानिकपुरी,सत्यवती मानिकपुरी, भारती मानिकपुरी,मीना मानिकपुरी, पेमिन मानिकपुरी, उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लोचनदास मानिकपुरी के द्वारा दी गई।

## एक नजर

### अंधविश्वास के नाम पर ठगी व हिंसा

**रायपुर 17 जून।** अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा पिछले कुछ



समय से अनेक स्थानों से तंत्र मंत्र , चमत्कार के नाम से ठगी, धोखाधड़ी,हत्याओं के अनेक मामले सामने आए हैं. कुछ फर्जी बैगा, कथित तांत्रिक ग्रामीणों को चमत्कार झूठे के दावे कर,जादू,टोना, भूत प्रेत , आदि के नाम पर भ्रमित कर भ्रम व अंधविश्वास फैला रहे हैं.जबकि ऐसी काल्पनिक मान्यताओं का कोई अस्तित्व नहीं है .आम लोगों को इस प्रकार अंधविश्वास में नहीं फँसना चाहिए. डॉ .दिनेश मिश्र ने कहा पिछले कुछ समय से लोगों को अलग अलग प्रकार के कथित चमत्कारों के प्रचार से भ्रमित करने के अनेक मामले आये है चावल वाले बाबा, कम्बल वाले , नीबू वाले नाम धारी अनेक बाबाओं , चंगाई सभा ,के नाम पर भ्रमित करने व अंधविश्वास फैलाने के अनेक मामले सामने आए हैंऔर इन घटनाओं में लगभग सभी धर्म के तथाकथित बाबा/तांत्रिक शामिल रहे हैं.

### शराब दुकान के कर्मचारियों ने युवक को पीटा

**रायपुर 17 जून।** राजधानी रायपुर के सरोना स्थित सरकारी शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि सरोना के सरकारी शराब दुकान में एक युवक शराब लेने आया था, जहां उसकी कर्मचारियों से बहस हो गई, इसी बीच शराब दुकान के आधा दर्जन कर्मचारियों ने मिलकर उस युवक की जमकर पिटाई कर दी। यह पूरी घटना सीसी टीवी में कैद हो गई है।0 इस घटना के बाद लोगों में भारी गुस्सा है, और कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस कार्रवाई के साथ उन्हें दुकान से हटाने की मांग की है। अब सवाल यह उठ रहा है कि सरकारी शराब दुकान के कर्मचारी कैसे बैखोफ गुंडागर्दी कर रहे हैं। वहीं पुलिस घटना की सीसी टीवी फुटेज की जांच कर मारपीट में शामिल कर्मचारियों की पहचान करने में जुटी है।

### रायपुर में 'साइलेंट लग्ज़री' का नया चैप्टर

**रायपुर 17 जून।** असली लग्ज़री में शोर-शराबा नहीं बल्कि एक सुकून भरा माहौल होता जहां हर हिस्सा अपनी अलग कहानी कहता है। रियल एस्टेट जगत में दशकों से भरोसे और उत्कृष्टता का पर्याय बन चुके रहेजा ग्रुप ने अपनी इसी सोच को साकार करते हुए, एक बेहद एक्सक्लूसिव और अल्ट्रा-प्रीमियम पेशकश 'रहेजा लक्स' के अंतर्गत रहेजा अवाना की घोषणा की है। 'रहेजा लक्स' साधारण रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट कलेक्नशन नहीं है, बल्कि उन चुनिंदा पारखी लोगों के लिए तैयार किया गया एक 'प्राइवेट कलेक्शन' है, जो प्राइवेसी, शानदार आर्किटेक्चर और सुकून भरी लग्ज़री की कद्र करते हैं। यह पहल पूरी तरह से रहेजा ग्रुप के नेतृत्व के दूरदर्शी नज़रिए पर आधारित है, जो एक सिनेमैटिक अनुभव की तरह है, जहां सबसे पहले एक स्पष्ट विज़न तय होता है, फिर प्रोजेक्ट को किसी आर्टिफेक्ट की तरह गढ़ा जाता है, और यह मॉडर्न लग्ज़री के हर पहलू का बेहतरीन अनुभव देने का भरोसा भी दिलाता है।

### व्यापारी संवाद अभियान जारी

**रायपुर 17 जून।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमैन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि ष्ट्रढ्ढञ्ज छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित कैट व्यापारी संवाद अभियान के अंतर्गत आज रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैट के प्रतिनिधियों ने प्लाईवुड व्यापार से जुड़े व्यापारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। संवाद के दौरान व्यापारिक वातावरण, बाजार की वर्तमान परिस्थितियों, कराधान संबंधी विषयों, व्यापार संचालन में आ रही चुनौतियों, ई-कॉमर्स से बढ़ती प्रतिस्पर्धा तथा व्यापार संवर्धन के विभिन्न पहलुओं पर खुलकर विचार-विमर्श किया गया।

# नगरीय निकायों की अचल संपत्ति के हस्तांतरण के लिए नए नियम लागू

## ई-टेंडर प्रक्रिया से होगा आवंटन

**रायपुर 17 जून।** छत्तीसगढ़ में अचल संपत्तियों की खरीद और बिक्री के नियमों में बदलाव किया गया है. अब से नगरीय निकायों की जमीन, दुकान, भवन और अन्य अचल संपत्तियों को खरीदने के लिए नए नियमों का पलान करना होगा क्योंकि राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ नगरपालिका (अचल संपत्ति व्ययन) नियम, 2026 लागू कर दिया।

नए नियमों के मुताबिक किसी भी अचल संपत्ति को बेचने, पट्टे पर देने या अन्य तरीके से हस्तांतरित करने के लिए मुख्य रूप से ई-निविदा प्रक्रिया अपनानी होगी. सबसे खास बता ये है कि संपत्ति उसी व्यक्ति को दी जाएगी जो निर्धारित प्रक्रिया के तहत सबसे अधिक बोली लगाएगा. ई-टेंडर की सूचना कम से कम



15 दिन पहले प्रकाशित करनी होगी.

इतना ही नहीं नए नियम के मुताबिक 50 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति के लिए राज्य सरकार की मंजूरी भी जरूरी हैं. पट्टे की अवधि 30 वर्ष के लिए निर्धारित की गई है वही नवीनीकरण का भी प्रावधान रखा गया है. नए नियमों में संपत्ति ट्रांसफर की मंजूरी देने वाले अधिकारियों की वित्तीय सीमाएं भी तय की गई हैं.

विवादित मामलों की बात करें तो ऐसे मामलों में सुनवाई के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा. नए नियमों का उद्देश्य निकायों की संपत्तियों के उपयोग, आवंटन और बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना है. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी करते हुए सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों को नए नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं.

# सस्ती दर पर मिलेगी 41 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली

**रायपुर 17 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग व्दारा जारी नए टैरिफसंशोधन का प्रदेश के 51 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग 41 लाख उपभोक्ताओं पर आंशिक ही पड़ेगा। उन पर विद्युत दर संशोधन का प्रभाव शून्य से 3.65 प्रतिशत तक सीमित रहेगा। साथ ही किसानों पर इस वृद्धि का कोई भार नहीं पड़ेगा, क्योंकि इसका वहन राज्य शासन व्दारा किया जाता है। नये टैरिफ में औसत विद्युत आपूर्ति दर 7.13 रूपये प्रति यूनिट स्वीकृत की गई है, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार न्यूनतम स्लैब 4.40 रूपये प्रति यूनिट की दर से आपूर्ति की जावेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने बताया कि विद्युत दरों का निर्धारण यह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा किया जाता है, जो कि एक स्वतंत्र नियामक संस्था है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की तुलना में नये टैरिफ में समेकित रूप से 6.23 प्रतिशत की नाममात्र वृध्दि की गई है, यह 42 पैसे प्रति यूनिट के समतुल्य है। घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 30 पैसे प्रति यूनिट से 50 पैसे प्रति यूनिट की वृध्दि की गई है, तथापि इसका असर उपभोक्ताओं पर पूर्ण रूप से नहीं पड़ेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत योजना के अंतर्गत प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाती है।

आंकड़ो के अनुसार, प्रदेश के लगभग 51 लाख घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं में से 14.5 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक शासन द्वारा निःशुल्क विद्युत उपलब्ध कराई जा रही है अर्थात् यह राशि शासन द्वारा वहन की जाती है। इसके अतिरिक्त 26.5 लाख उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनकी खपत 400 यूनिट तक है, उन्हें मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत योजना के अंतर्गत 200 यूनिट की खपत तक 50 प्रतिशत छूट मिलती रहेगी। अतः प्रदेश के अधिकांशतः घरेलू उपभोक्ताओं पर विद्युत के दरों में वृद्धि शून्य से 3.65 प्रतिशत के बीच होगी। श्री कंवर ने बताया कि उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल में कमी लाने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत रूफ्टॉप सोलर संयंत्र स्थापना पर केंद्र एवं राज्य स्तर पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना का उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं की ग्रिड बिजली पर निर्भरता कम करना तथा ऊर्जा व्यय में बचत सुनिश्चित करना है।

### नए मेडिकल कॉलेज की मान्यता में कोई दिक्कत नहीं: मिश्रा

**रायपुर 17 जून।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने राज्य के पांच नए मेडिकल कॉलेज की मान्यता को लेकर कांग्रेस द्वारा एनएमसी के रोक के दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि एनएमसी ने पांच मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान दिसंबर माह में कुछ कमियां पाई थी, इसमें भवन और उपकरण शामिल है। राज्य शासन को पहले से यह मालूम था कि कमियां मिलेगी, इसलिए उन कमियों को अब दूर कर लिया गया है। यह संस्थागत प्रक्रिया का एक हिस्सा हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हर बार नए कॉलेज के निरीक्षण के दौरान इस तरह की कठिनाईयां आती है, जिसे समय रहते सरकार ने दूर कर लिया है,बुधवार को एनएमसी का जो पत्र आया है,उसमें केवल कमियां बताई गई है और उन कमियों को दूर करने के लिए कहा गया है,ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि एनएमसी ने नए मेडिकल कॉलेज की मान्यता पर रोक लगा दी है, जबकि अभी नीट का एक्जाम भी नहीं हुआ है और न ही नतीजे घोषित हुए है। डॉ. मिश्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को इस बात की खुशी हैं कि एनएमसी मान्यता पर रोक लगा रही है,जबकि भाजपा नए मेडिकल कॉलेज राज्य में खोलने के लिए लगातार काम कर रही है। अधूरी जानकारी में कांग्रेस के नेता बेबुनियाद आरोप लगाते हैं, इसे प्रदेश की जनता भलीभांति समझती है।

### PICTURE-स्टोरी




रायपुर 17 जून। जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष कुमार मेनन के नेतृत्व एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में राज्य शासन द्वारा विद्युत शुल्क में की गई भारी वृद्धि के खिलाफ विद्युत मंडल मुख्यालय डंगनिया का घेराव किया।

### इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल के नाम पर जनता से धोखा: कन्हैया

**रायपुर 17 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने केंद्र सरकार की इथेनॉल ब्लेंडिंग नीति पर तीखा हमला बोलते हुए इसे आम जनता की जेब पर डाका और देश के पर्यावरण के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से मांग की है कि देश की जनता, उनकी गाड़ियों और देश के पानी को बचाने के लिए इथेनॉल युक्त पेट्रोल की अनिवार्य बिक्री को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि आज देश के हर पेट्रोल पंप पर जबरन 20त्न इथेनॉल मिला हुआ पेट्रोल बेचा जा रहा है, जिसे सरकार जल्द ही 85त्न और 100त्न करने की जिद पर अड़ी है। इस नीति का सबसे घातक असर आम आदमी की गाड़ियों पर पड़ रहा है। देश की बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों में शुमार ICICI लोम्बार्ड का स्पष्ट कहना है कि पुरानी गाड़ियों में E20 फ्यूल का इस्तेमाल 'लापरवाही' माना जा सकता है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगर इथेनॉल वाले पेट्रोल से आपकी गाड़ी का इंजन खराब होता है, तो बीमा कंपनियां क्लेम देने से साफ मना कर रही हैं। सरकार की नीति के कारण जनता की गाड़ियां बेहद तेजी से 'भंगार' (कबाड़) में तब्दील हो रही हैं और उनके मेंटेनेंस का पूरा खर्च आम आदमी की जेब पर आ रहा है।

## छत्रपति शिवाजी स्कूल में यादों की बारात आयोजित




**रायपुर 17 जून।** छत्रपति शिवाजी स्कूल, रायपुर की स्थापना के तीस वर्ष पूर्ण होने तथा इसकी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम यादों की बारात (30 साल बेमिसाल) का आयोजन मारुति मंगलम, गुढ़ियारी में किया गया। इस स्नेह मिलन उत्सव के अवसर पर पूर्व विद्यार्थियों के अलग-अलग बैच द्वारा सामूहिक व अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जहां एक तरफप्रत्येक बैच के विद्यार्थियों ने अपने अपने अलग अंदाज़ में संगीत और ढोल की धमाकेदार आवाज में मंच पर आकर अपनी बैच की स्कूली दिनों की यादें ताज़ा की वहीं दूसरी ओर अलग अलग बैच के पूर्व विद्यार्थियों ने मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे नृत्य, गीत,ड्रामा,कविता द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूर्व विद्यार्थी अपने समय में पढ़ाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं से मिलकर बहुत प्रसन्न और भावुक भी हुए। इस समारोह में रायपुर के अलावा बाहर रहने वाले अनेक पूर्व विद्यार्थियों ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थी रहे भूमि गोलछा,नैंसी बरड़िया,सानिया ममदानी,खुशी लेखवानी,शोभा सिंह,कशिश लेखवानी,मानसी मेघानी, हर्षिता मेघवानी,आस्था श्रीवास्तव,खुशी शर्मा, अनंत श्रीवास्तव,आयुषी ठाकुर आदि। इस अवसर पर स्कूल की संरक्षक रंजन बेन शाह, संचालक मुकेश शाह,तीनों शाखाओं के प्राचार्य नफीसा रंगवाला, राजेश शाह,रशीदा फज़्ली समेत शिक्षकवृंद से मौली चटर्जी,माया चौहान,पार्वती देवांगन,शिरीन परवीन,नीना शर्मा,शुभा जैन,रचना सोनी, मधुलिका मिश्रा,पूनम पांडेय,पुष्पा सोनी,भारती जैन,नीतू सोनकर,मधुमति सोनकर,एस.शर्मा, सुरेश यादव,भूरन मसखरे आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार स्कूलों को आरएसएस की शाखा में परिवर्तित करना चाह रही: कांग्रेस

**रायपुर 17 जून।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार स्कूलों को आरएसएस की शाखा में परिवर्तित करना चाह रही। भाजपा सरकार द्वारा स्कूलों में सुबह दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, मध्यान्ह में भोजन मंत्र, शाम को छुट्टी होने पर गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र का वाचन बच्चों से कराया जाना संविधान के खिलाफहै।

अनुच्छेद 28(1) का संदर्भः भारतीय संविधान के अनुच्छेद 28(1) के तहत पूर्णतः राज्य-निधि से संचालित (सरकारी) शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षा या विशिष्ट धार्मिक प्रार्थना आयोजित नहीं की जा सकती।

अनुच्छेद 28(3) एवं धार्मिक स्वतंत्रताः राज्य से मान्यता या सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों में किसी भी छात्र को उसकी या उसके अभिभावकों की सहमति के बिना किसी धार्मिक प्रार्थना में भाग लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। आदेश में ''आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें'' शब्दावली से इसे अनिवार्य बनाने का आभास होता है, जो छात्रों के मौलिक अधिकारों (अनुच्छेद 25) का उल्लंघन कर सकता है।

अल्पसंख्यक एवं अन्य समुदायः शासकीय और अर्ध-शासकीय शालाओं में विभिन्न धर्मों, पंथों और पृष्ठभूमि के छात्र अध्ययनरत हैं। किसी विशिष्ट पद्धति की प्रार्थनाओं की अनिवार्य करने से धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों पर प्रभाव पड़ता है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकारी स्कूलों में मंत्राचार को अनिवार्य करने से दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचेगी। ऐसे में मुस्लिम धर्म के लोग कुरान की आयात तथा सिख धर्म के लोग गुरुवाणी तथा ईसाई धर्म के लोग बाइबल के अंशों को भी वाचन करने की मांग करेंगे। सभी धर्मों में हर दैनिक कार्य के लिए अलग-अलग धार्मिक व्यवस्थायें है। सभी धर्मो के लोग चाहेंगे कि उनकी धार्मिक पूजा पद्धति का अनुसरण हो तब सरकार क्या करेगी? सनातन परंपरा को गैर सनातनियों के बच्चे क्यों माने? उन्हें क्यों बाध्य किया जाए?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार शिक्षा को शिक्षा ही रहने दे उसे धार्मिक सांचे में ढालने का प्रयास मत करे। शिक्षा में वैज्ञानिकता एवं आधुनिकता का नवाचार को निश्चित तौर पर बच्चों में सदाचार एवं संस्कार की शिक्षा डालनी चाहिए लेकिन उनके पारिवारिक एवं सामाजिक संस्कारों के खिलाफ कुछ भी थोपा जाना उचित नहीं होगा। सरकार परस्पर विद्वेष फैलाने का प्रयास मत करे।

### ई-मैक ने चेम्बर भवन पहुंचकर सौंपा सदस्यता आवेदन

**रायपुर 17 जून।** छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यप्रणाली, व्यापारियों के प्रति समर्पण और लगातार बढ़ती साख पर प्रदेश के व्यापारिक जगत का भरोसा और मजबूत हुआ है। इसी कड़ी में, प्रदेश के इवेंट एवं एंटरटेनमेंट उद्योग को संगठित करने वाले प्रमुख संगठन ÷इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़÷ ने चेम्बर के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए संस्था की सदस्यता ग्रहण करने हेतु अपना आधिकारिक आवेदन प्रस्तुत किया है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के ऊर्जावान और दूरदर्शी नेतृत्व में आज प्रदेश का हर छोटा-बड़ा व्यापारी और औद्योगिक संगठन खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रहा है। इसी बढ़ते विश्वास के चलते ईमैक के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष नवल तिवारी के नेतृत्व में चेम्बर भवन पहुंचकर चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी से सौजन्य

### नारायणी बहुभाषी संग्रहालय का सम्मान

**रायपुर 17 जून।** नारायणी बहुभाषी संग्रहालय, कुशालपुर के द्वारा लगभग 18 फीट लंबी हस्तलिखित जन्म कुंडली को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के कारण डॉ. गौरव कुमार सिंह , कलेक्टर के द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रास भवन में कार्यक्रम में इस सम्मान से संबंधित प्रमाण पत्र विगत दिनों संग्रहालय के राजेंद्र ओझा, डॉ. मृणालिका ओझा एवं त्रिभुवन राठोड़ जी ने प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि नारायणी बहुभाषी संग्रहालय में करीब 70-80 भाषाओं के लगभग 200 कैलेंडर, 25-30 भाषाओं की 250 से अधिक पत्रिकाएं एवं लगभग 35-40 भाषाओं के समाचार पत्र संग्रहित किए गए हैं। इसके साथ ही 20 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित वाल्मीकि रामायण का संक्षिप्त कथा सार भी विशेष रूप से आकर्षित करता है।



सौजन्य भेंट | शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों के विकास का आधार भी है

# शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**रायपुर 17 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर श्री स्वामी राजीव लोचन दास जी महाराज, निर्वाणी अखाड़ा के श्री महंत सुरेंद्र दास जी महाराज, शदाणी दरबार से श्री उदय लाल जी तथा कबीर आश्रम सोनपैरी के श्री देवकर साहब जी ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर संत-महात्माओं ने छत्तीसगढ़ के विद्यालयों में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों एवं नैतिक शिक्षा से जुड़े पारंपरिक श्लोकों और मंत्रों को पुनः शामिल किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

संतों ने कहा कि पूर्व में विद्यालयों में विद्यार्थियों को गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वर जैसे मंत्रों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराया जाता था, जिससे बच्चों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों



का विकास होता था। समय के साथ ये परंपराएं शैक्षणिक वातावरण से धीरे-धीरे विलुप्त होती गई, किंतु अब राज्य सरकार द्वारा इन्हें पुनः स्थापित करने की पहल अत्यंत स्वागतयोग्य है। संत समाज ने कहा कि विद्यालयों में शांतिपाठ, सरस्वती वंदना, भोजन मंत्र तथा अन्य प्रेरणादायी वैदिक एवं सांस्कृतिक प्रार्थनाओं का समावेश बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे नई पीढ़ी भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़ सकेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों के विकास का आधार भी है। हमारी सरकार बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालयों में शांतिपाठ, सरस्वती वंदना, भोजन मंत्र एवं अन्य प्रेरणादायी प्रार्थनाओं के समावेश से विद्यार्थियों में अनुशासन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना का विकास होगा। यह पहल नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए एक संस्कारित, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संत-महात्माओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को इस पहल के लिए साधुवाद देते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया तथा कहा कि यह निर्णय प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक विरासत को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# गरीब कल्याण योजनाओं ने बदला देश के नागरिकों का जीवनस्तर : सोनी

**रायपुर 17 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्यकाल भारत के इतिहास में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के स्वर्णिम युग के रूप में दर्ज हो चुका है। साल 2014 से शुरू हुई यह विकास यात्रा आज भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री सोनी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रगति देखी है। आज देश के गाँवों तक पक्की सड़कें, 24 घंटे बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँच चुकी है। 'डिजिटल इंडिया' अभियान ने देश के अन्तिम व्यक्ति को बैंकिंग और सरकारी सेवाओं से सीधे जोड़ा है, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों गरीबों को मुफ्त इलाज, पीएम आवास योजना से पक्के मकान और जल जीवन मिशन के जरिए हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना मोदी सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। मोदी सरकार की नीतियां केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका सीधा लाभ धरातल पर जनता को मिल रहा है। आने वाले समय में यह विकास यात्रा भारत को एक पूर्ण 'विकसित राष्ट्र' बनाने के संकल्प को सिद्ध करेगी। श्री सोनी ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज को सम्मान से सुना जाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आत्मनिर्भर बना है, बल्कि वैश्विक संकटों में एक संकटमोचक की भूमिका निभा रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26